www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | संपर्क : deshbandhupl1@yahoo.co.in

देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 339 । भोपाल, शनिवार, 9 दिसम्बर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए

जो ज्यादती करे उसे माफ करें: मौलाना जमशेद पृष्ठ 3
- न्याय मिलने में देरी का मतलब न्याय से वंचित रखना है
- पांच राज्यों के चुनाव परिणाम : नतीजों के निहितार्थ पृष्ठ 4
- दलित युवक का अपहरण कर मारपीट करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार पृष्ठ 6
कांग्रेस ईवीएम ने नहीं अहंकार ने हराया पृष्ठ 8

पैसे लेकर सवाल पूछने का आरोप, कमेटी की सिफारिश मंजूर

महुआ की लोकसभा सदस्यता खत्म

नई दिल्ली, देशबन्धु। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा को 'पैसे लेकर सवाल पूछने' के आरोप में शुक्रवार को सदन की सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया। संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने मोइत्रा के निष्कासन का प्रस्ताव पेश किया जिसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। इससे पहले सदन में लोकसभा की आचार समिति की रिपोर्ट पर चर्चा के बाद उसे मंजूरी दी गई, जिसमें मोइत्रा को निष्कासित करने की सिफारिश की गई थी। हालांकि महुआ मोइत्रा को निष्कासित करने के लिए सदन में वोटिंग शुरू होते ही विपक्ष ने बॉयकॉट कर दिया। वोटिंग के बाद लोकसभा स्पीकर ने महुआ मोइत्रा के खिलाफ निष्कासन प्रस्ताव पास कर दिया।

इससे पहले भाजपा सांसद विनोद कुमार सोनकर की अध्यक्षता वाली आचार समिति ने गत नौ नवम्बर को अपनी एक बैठक में महुआ मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित करने की सिफारिश वाली रिपोर्ट को स्वीकार किया था। समिति के छह सदस्यों ने रिपोर्ट के पक्ष में मतदान किया था। इनमें कांग्रेस से निलंबित सांसद परणीत कौर भी शामिल थीं। समिति के चार विपक्षी सदस्यों ने रिपोर्ट पर असहमति जताई थी। विपक्षी सदस्यों ने रिपोर्ट को फिक्स्ड मैच करार दिया था। उन्होंने कहा था कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे शिकायत में कोई भी दम नहीं है।

समिति ने 500 पेज की रिपोर्ट बनाई थी। इसमें संसद की गरिमा को बचाने व राष्ट्रीय सुरक्षा को महत्व देने के लिए कई अहम सिफारिश की गई थीं। महुआ पर रिश्वत ले कर अदाणी समूह के खिलाफ कारोबारी हीरानंदानी को लाभ पहुंचाने के लिए सवाल पूछने के आरोप हैं। खुद महुआ ने स्वीकार किया था कि उन्होंने संसद में सवाल पूछने के पोर्टल से जुड़ी अपनी आईडी–पासवर्ड साझा किए थे। हीरानंदानी ने महुआ को रिश्वत देने की बात स्वीकारी थी। विपक्ष विशेषकर तृणमूल कांग्रेस ने आसन से कई बार यह

■ शेष पृष्ठ 8 पर

'कंगारू अदालत' ने बिना सबूत मुझे सजा दे दी : महुआ

तृणमूल कांग्रेस की नेता महुआ मोइत्रा ने शुक्रवार को लोकसभा से अपने निष्कासन की तुलना 'कंगारू अदालत' द्वारा सजा दिए जाने से करते हुए आरोप लगाया कि सरकार लोकसभा की आचार समिति को विपक्ष को झुकने के लिए मजबूर करने का हथियार बना रही है। लोकसभा की आचार समिति की सिफारिश पर सदन की सदस्यता से निष्कासित किये

■ शेष पृष्ठ 8 पर

इनका कहना है

*सदन में अपने प्रश्न खुद बनाएं और खुद ही प्रस्तु करें। कोई दूसरा आपकी जगह ऐसा नहीं कर सकता अगर ऐसा होता है तो सदन की गरिमा बनाए रखने के लिए कुछ सख्त फैसले लेने होंगे : **ओम बिरला**, लोस अध्यक्ष*

*महुआ को बोलने का मौका भी नहीं दिया गया यह किसी भी रूप में न्याय नहीं। वह परिस्थितियों की शिकार हैं। भाजपा ने लोकतंत्र की हत्या की है। जनता भाजपा को जवाब देगी। तृणमूल कांग्रेस इंडिया गठबंधन के साथ चुनाव लड़ेगी : **ममता बनर्जी***

*कोट.आधारहीन तथ्यों के आधार पर बदले की भावना से महुआ को लोक सभा से बर्खास्त किया गया है। ऐसा लगता है रिपोर्ट ढाई मिनट में किसी ने तैयार कर दी हो : **रंजन चौधरी**, कांग्रेस नेता।*

फैक्ट्री में आग से 6 महिला मजदूरों की मौत

पुणे, एजेंसी। महाराष्ट्र में पुणे के पिंपरी चिंचवड में फायर कैंडल बनाने वाली एक फैक्ट्री के गोदाम में आग लग लग गई। इस हादसे में 6 मजदूरों की मौत हो गई और 8 घायल हो गए। मृतकों में सभी 6 महिलाएं हैं। घायलों को पिंपरी चिंचवड के वाईसीएम अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पिंपरी चिंचवड़ नगर निगम के आयुक्त शेखर सिंह ने बताया कि अभी तक मृतकों का पहचान नहीं हो सकी है। आग इतनी भीषण थी कि मजदूरों को भागने का मौका तक नहीं मिला। वहीं, आग बुझाने में दमकल की 6 गाड़ियां लगानी पड़ीं। यह फैक्ट्री देहुरोड पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आती है। फैक्ट्री में बर्थडे पार्टी की फायर कैंडल बनाई जा रही थीं। यह भी जानकारी मिल रही हैं कि फैक्ट्री बिना लायसेंस के ही चलाई जा रही थी।

कच्छ में महसूस हुए भूकंप के झटके

नई दिल्ली, एजेंसी। गुजरात के कच्छ में शुक्रवार की सुबह नौ बजे के करीब भूकंप के झटके महसूस हुए। नेशनल सेंटर फॉल सिस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार रेक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.9 दर्ज की गई है। कच्छ के अलावा कर्नाटक के विजयपुर जिले में 3.1 की तीव्रता से भूकंप आया। एनसीएस की डेटा के अनुसार शुक्रवार की सुबह 6:52 बजे क्षेत्र में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटके 10 किमी की गहराई पर आया। शुक्रवार की सुबह 3.8 की तीव्रता से मेघालय की राजधानी शिलॉन्ग और उससे जुड़े क्षेत्रों में भुकंप के झटके महसूस किए गए। इसमें किसी के हताहत होने की कोई जानकारी नहीं दी गई है। भूकंप के झटके शहर के दक्षिण–पश्चिम में मॉफलंग इलाके में 14 किमी की गहराई पर आया।

सोमवार को भोपाल में होगी भाजपा विधायक दल की बैठक

मप्र के लिए खट्टर, लक्ष्मण और आशा को बनाया पर्यवेक्षक

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी ने मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए पर्यवेक्षकों के नामों की घोषणा की है। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष डॉ के लक्ष्मण और पार्टी की राष्ट्रीय सचिव आशा लाकड़ा को मध्यप्रदेश का पर्यवेक्षक बनाया गया है।

बताया गया है कि सोमवार शाम 7 बजे भोपाल में भाजपा विधायक दल की बैठक होगी, जिसमें नेता का चयन किया जाएगा। पार्टी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय और पार्टी महासचिव विनोद तावड़े को राजस्थान, तथा केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सर्वानंद सोनोवाल और पार्टी महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम को छत्तीसगढ़ के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। यह पर्यवेक्षक अपने–अपने नामित राज्यों में भाजपा विधायक दल की बैठक में नेता का चुनाव कराएंगे जो राज्य का मुख्यमंत्री पद संभालेंगे।

2 उपमुख्यमंत्री भी होंगे

सूत्रों के अनुसार पार्टी ने मध्यप्रदेश में 2 उपमुख्यमंत्री भी बनाने का फैसला लिया है। इसके लिए विष्णुदत्त शर्मा, राकेश सिंह, ओमप्रकाश धुर्वे, जगदीश देवड़ा और निर्मला भूरिया के नाम भी लिए जा रहे हैं। इनमें से

■ शेष पृष्ठ 8 पर

मुख्यमंत्री चयन को लेकर बोले पटेल

देरी की कोई बात नहीं

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से शुक्रवार को पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं नरसिंहपुर से निर्वाचित विधायक प्रहलाद पटेल ने भेंट की।

भोपाल, देशबन्धु। विधानसभा पहुंचे प्रहलाद पटेल ने मीडिया से मुख्यमंत्री चयन को लेकर हो रही देरी पर कहा कि देरी की कोई बात नहीं है। पांच राज्यों को लेकर फैसले होने हैं। इसलिए समय लग रहा है। उन्होंने कहा कि जब मैं मणिपुर का प्रभारी था, तब भी समय लगा था। पटेल ने कहा कि फिलहाल लोकसभा भी चल रही है। इसलिए भी समय लग रहा है। देरी जैसी कोई बात नहीं है। कोई सदन छोटा या बड़ा नहीं होता। उन्होंने कहा कि सिर्फ संख्या बल और नियमों का फर्क होता है। अगर ईश्वर ने चौकीदारी का काम दिया है तो चौकीदारी ही करनी चाहिए, इसका पदोन्नति से कोई लेना–देना नहीं। सदन सदन होता है।

इनके नाम की चर्चा

मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री पद के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के अलावा नरेन्द्र सिंह तोमर, प्रहलाद पटेल, कैलाश विजयवर्गीय, ज्योतिरादित्य सिंधिया, विष्णुदत्त शर्मा के नाम चर्चा में हैं। हालांकि श्री चौहान और श्री शर्मा साफ कर चुके हैं कि वे मुख्यमंत्री पद की दौड़ में नहीं हैं। बावजूद इसके शिवराज, पटेल और तोमर के नाम सामने आए हैं। यह भी कहा जा रहा है कि पार्टी नये चेहरे पर भी दांव लगा सकती है, इसके लिए प्रहलाद पटेल का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है। यह भी संभावना है कि नरेन्द्र सिंह तोमर को प्रदेश की कमान दी जाए। यदि पटेल को मुख्यमंत्री बनाया गया तो ऐसे में नरेन्द्र सिंह तोमर को विधानसभा अध्यक्ष बनाया जा सकता है और कैलाश विजयवर्गीय को उपमुख्यमंत्री का दायित्व मिल सकता है।

लालदुहोमा ने ली मिजोरम के मुख्यमंत्री पद की शपथ

आइजोल, एजेंसी। जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) के नेता लालदुहोमा ने शुक्रवार को मिजोरम के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति ने राजधानी आइजोल में राजभवन परिसर में लालदुहोमा और अन्य मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इससे पहले गत बुधवार को ही लालदुहोमा ने राज्यपाल से मिलकर सरकार गठन का दावा पेश कर दिया था।

जेडपीएम ने राज्य की 40 में से 27 सीटों पर जीत हासिल कर एमएनएफ और कांग्रेस का सूपड़ा साफ कर दिया था। पूर्व आईपीएस

2 कैबिनेट मंत्री भी बने, 4 साल पुरानी जेडपीएम पार्टी सत्ता में

लालदुहोमा ने जोराम नेशनलिस्ट पार्टी नाम से एक दल बनाया, जिसके जरिए वे राज्य की राजनीति में सक्रिय हुए। वहीं दूसरी ओर, राज्य के पांच अन्य छोटे दलों के साथ लालदुहोमा की पार्टी ने गठबंधन कर लिया। जिसके बाद वह गठबंधन राजनीतिक पार्टी में तब्दील हो गया, जो 2017 में जेडपीएम पार्टी के नाम से अस्तित्व में आया। मिजोरम में सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी जेडपीएम के अध्यक्ष लालदुहोमा मिजोरम के एक पूर्व आईपीएस अधिकारी हैं। एक स्थानीय रिपोर्ट के मुताबिक, 1972 से 1977 तक लालदुहोमा ने मिजोरम के मुख्यमंत्री के प्रधान सहायक के तौर पर काम किया था। अपनी स्नातक की पढ़ाई के बाद उन्होंने भारतीय सिविल सेवा परीक्षा दी। 1977 में आईपीएस बनने के बाद उन्होंने गोवा में एक स्क्वाड लीडर के तौर पर काम किया। तैनाती के दौरान उन्होंने तस्करों

■ शेष पृष्ठ 8 पर

हिमाचल में मंत्रिमंडल विस्तार जल्द : सुक्खू

शिमला, देशबन्धु। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए स्पष्ट कर दिया है कि मंत्रिमंडल विस्तार इसी साल होगा। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही मंत्रिमंडल में खाली पड़े पदों को भरा जाएगा। विधानसभा में पार्टी की ओर से दी गई दस गारंटियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने तीन गारंटियां पूरी कर दी है। सरकार बनते ही सबसे पहले एनपीएस कर्मचारियों को ओपीएस लागू किया गया। प्रदेश के बेरोजगारों के लिए स्टार्टअप योजना शुरू की गई है। 680 करोड़ की स्टार्टअप योजना के तहत प्रदेश सरकार ई–टैक्सी खरीदकर देगी और सभी टैक्सियां सरकारी विभागों में सेवाएं ली जाएंगी। तीसरी गारंटी के तहत प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में इंग्लिस मीडियम स्कूल खोलने को पूरा किया गया है। उन्होंने कहा कि अभी सरकार के पास चार साल का समय है और चरणबद्ध ढंग से सभी गारंटियां पूरी की जाएंगी। मंत्रिमंडल में तीन पद रिक्त पड़े हैं प्रदेश मंत्रिमंडल में मंत्रियों के तीन पद रिक्त पड़े हुए हैं। ऐसा माना जा रहा है कि क्षेत्रीय और जातिगत संतुलन बिठाते हुए नए मंत्रियों के नाम तय होंगे। प्रदेश

■ शेष पृष्ठ 8 पर

दुष्कर्म के मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले की भाषा पर जताई आपत्ति

फैसला देते समय अपने विचार न रखें जज

हाईकोर्ट ने कहा था, किशोरियां यौन इच्छाओं पर नियंत्रण रखें

नई दिल्ली, एजेंसी। दुष्कर्म के एक मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले की भाषा पर सुप्रीम कोर्ट ने आपत्ति जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले के कुछ हिस्से बेहद आपत्तिजनक और अनुचित हैं।

शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस पंकज मित्तल की बेंच ने इस पर संज्ञान लेते हुए आपत्ति जताई। बेंच ने कहा कि जज से उम्मीद नहीं की जाती है कि वे फैसला सुनाते वक्त अपने विचार व्यक्त करें। दरअसल कलकत्ता हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि किशोर लड़कियों को अपनी यौन इच्छाओं को नियंत्रण में रखना चाहिए और दो मिनट आनंद के फेर में नहीं पड़ना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने इस तरह की भाषा के इस्तेमाल को आपत्तिजनक बताया है। कलकत्ता हाईकोर्ट ने 20 अक्टूबर को यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो एक्ट) के एक मामले में फैसला सुनाते हुए कहा था किशोरियों को अपनी यौन इच्छाओं पर नियंत्रण रखना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को जारी किया नोटिस

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जजों से यह उम्मीद नहीं की जाती कि वह अपने निजी विचार साझा करें या भाषण दें। यह पूरी तरह से संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत किशोरों के अधिकारों का उललंघन है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेकर इस मामले पर सुनवाई की और राज्य सरकार और अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि क्या वह हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुनवाई करेंगे।

अनुच्छेद 370 पर फैसला सोमवार को

उच्चतम न्यायालय पूर्ववर्ती जम्मू–कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म कर इसे दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के केंद्र सरकार के अगस्त 2019 के फैसले की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सोमवार को अपना बहुप्रतीक्षित फैसला सुनाएगा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की संविधान पीठ ने 16 दिनों तक संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद पांच सितंबर 2023 को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। शीर्ष अदालत ने दो अगस्त 2023 को याचिकाकर्ताओं की ओर से दलीलें सुननी शुरू की थीं। शीर्ष अदालत की पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने याचिकाकर्ताओं, उत्तरदाताओं–केंद्र और अन्य– सभी की दलीलें सुनीं।

पतंजलि
देश का पहला और एकमात्र,
राख से बना
निम्बू व नीम की शक्ति वाला
पतंजलि डिशवाश बार और लिक्विड
चिकनाई पर सख़्त हाथों पर नर्म
PATANJALI Super
WITH LEMON POWER
BUY 3 GET 1 FREE
NEW
SCRUB PAD Worth ₹ 10/-
100 g FREE

सार समाचार

जयस्तंभ चौराहे पर ट्रक ने मारी कार को टक्कर

गुना, देशबन्धु। सिटी कोतवाली थानांतर्गत जयस्तंभ चौराहे के पास एक ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। हालांकि गनीमत यह रही है कि इसमे कोई हताहत नहीं हुआ। लेकिन कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार फयिादी बबलू उर्फ बलवीर यादव निवासी नानाखेड़ी ने सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई कि वह अपनी कार क्रमांक एपमी 08 सीए 9949 से एक्सचेज ऑफिस तरफ जा रहे थे। तभी जयस्तंभ चौराहे के पास ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचएच 9992 के चालक ने तेजी एवं लापरवाही पूर्वक ट्रक को चलाकर टक्कर मार दी। जिसमें गाड़ी में ड्रायवर साईड का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी ट्रक चालक पर मामला दर्ज किया है।

सवारियां बिठाने को लेकर टैक्सी चालक से मारपीट

गुना, देशबन्धु। जिले के सिरसी थानांतर्गत ग्राम गडिरया कोडर निवासी एक टैक्सी चालक के साथ गांव के ही व्यक्ति ने सवारियां बैठाने को लेकर मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी सुखराम पुत्र जामसिंह बारेला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि विगत 2 दिसंबर को को वह सुबह अपने गांव में सवारी तलाश रहा था। तभी गांव का सुरेश बारेला पुत्र कालसिंह बारेला आया और उसे गाली गलौंच कर अपनी गाड़ी में सवारी नहीं बैठाने की धमकी दी। इस दौरान फरियादी ने सुरेश को गांव का ही समझकर कोई शिकायत नहीं की। लेकिन गुरुवार को जब फरियादी अपने घर के बाहर बैठा था तभी आरोपी ने गाली गलौंच कर कहा कि मैंने तुझे टैक्सी में सवारी बैठाने का मना किया था फिर भी तू टैक्सी चला रहा है। इसी बात पर आरोपी ने फरियादी सुखराम पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। जिसमें उसे चोटें आई हैं। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

हेलमेट न पहनने वाले दो पहिया वाहन चालक कर्मचारियों पर होगी कार्यवाही

पेट्रोल पंप पर नहीं मिलेगा पेट्रोल

गुना, देशबन्धु। कलेक्टर तरूण राठी द्वारा समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय, प्रायवेट कार्यालय प्रमुख व समस्त जिला अधिकारियों एवं उनके अधीनस्थ कर्मचारियों को टू-व्हीलर वाहन उपयोग करने के संबंध में हेलमेट का अनिवार्यतः उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। हेलमेट धारण न करने वालों के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही की जावेगी। उल्लेखनीय है कि उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा जारी निर्देश अनुसार सभी स्कूल एवं कॉलेज के प्रधान अध्यापक/ प्राचार्य सभी छात्र-छात्राओं के अभिभावकों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वह बच्चों को स्कूल/ कॉलेज लेकर आते-जाते समय आवश्यक रूप से हेलमेट धारण करें। साथ ही हेलमेट धारण न करने वाले अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं को शिक्षण संस्थानों में प्रवेश निरूध्द करने सख्त हिदायत दी जाये।

इसी प्रकार सभी पेट्रोल पम्पों पर फ्लेक्स/ बेनर के माध्यम से सभी दो पहिया मोटर वाहन चालकों एवं पीलियन राइडर को हेलमेट धारण करने के लिए पाबंद किया जाये, साथ ही पेट्रोल की आपूर्ति के दौरान वाहन चालकों को हेलमेट धारण करने पर ही पेट्रोल वितरण करें। स्थानीय निकाय जैसे-ग्राम पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका एवं नगर निगम एवं कंटेनमेंट बोर्ड के माध्यम से ठेके पर वाहनों की पार्किंग व्यवस्था दी जाती है, जहां यात्रीगण बिना हेलमेट धारण किये हुये आकर वाहन पार्किंग में लगाते हैं, हेलमेट धारण करने पर ही उनको वाहन पार्किंग की सुविधा दी जावेगी। जिले में संचालित ऑटो मोबाईल शॉप पर फ्लेक्स/ बैनर के माध्यम से हेलमेट धारण करने के संबंध में प्रचार-प्रसार किया जावेगा। वाहन के विक्रय के समय सभी क्रेताओं को हेलमेट धारण करने के उपरांत ही शोरूम से जाने के लिये निर्देशित किया जायेगा। समस्त होटल, ढाबा, रेस्ट्रोरेंट एवं मॉल आदि स्थानों पर फ्लेक्स/ बेनर के माध्यम से हेलमेट धारण करने के संबंध में प्रचार-प्रसार किया जावेगा। हेलमेट धारण न करने वाले वाहन चालकों का उपरोक्त स्थानों पर प्रवेश वर्जित किया जाये। जिले के डायल 100 एवं शहर में लगे पी.ए. सिस्टम, व्ही.एम.एस. सिस्टम के माध्यम से हेलमेट धारण करने के संबंध में लगातार उद्घोषणा की जावेगी।

जिला आबकारी विभाग द्वारा संचालित लायसेंसी शराब की दुकानों पर एवं हाट बाजार के पार्किंग स्थलों पर भी हेलमेट धारण करने के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जावेगा। स्थानीय टीवी चैनलों, इलेक्ट्रोनिक मीडिया, प्रिंट मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से दो पहिया वाहन चालकों को आवश्यक रूप से हेलमेट धारण करने के लिये बाध्य किया जावे। कलेक्टर श्री राठी द्वारा समस्त विभाग प्रमुख को उक्त नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाना हेतु आदेश जारी किये गये हैं।

जनजाति छात्रावास की बालिका को लिया गोद

गुना, देशबन्धु। सेवा भारती गुना द्वारा संचालित जनजाति बालिका छात्रावास में 70 बहने अध्यनरत हैं। जिनको समाज के कई प्रबुद्धजनों ने उनके वार्षिक अध्ययन एवं पढ़ाई लिखाई के खर्चे को मिलाकर कुल प्रति बालिका 21 हजार रुपए देकर पूर्व में गोद लेकर अपना सेवा कार्य कर रहे हैं। उसी क्रम में आज पुलिस विभाग में कार्यरत समाजसेवी जोगेंद्र सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी निक्की सोहल के द्वारा एक बालिका को गोद लिया। जिसका वार्षिक खर्चा देने का संकल्प लिया। समाज के सभी लोगों से अनुरोध है कि इस सेवा कार्य में सभी लोगों को सहभागिता निभाकर पुण्य लाभ लेना चाहिए। कार्यक्रम के अध्यक्षता जिला सेवा प्रमुख मनोज रघुवंशी, सेवा भारती के अध्यक्ष डॉ भूपेंद्र धाकड़े, वीरेंद्र सिंह अहिरवार, उपाध्यक्ष मनोरमा रघुवंशी एवं स्पोर्ट्स टीचर्स शिवराज भदौरिया सेवा भारती बालक बालिकाओं के प्रबंधन की देखरेख करने वाले रत्नेश शुक्ला एवं उनकी धर्मपत्नी आदि मौजूद रहे।

नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

गुना। वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत 9 दिसंबर को जिला स्तर पर एवं तालुका न्यायालय-चांचौड़ा, राघौगढ़, आरोन में ऑनलाईन, ऑफ लाईन आयोजित की जा रही है। नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों की सुनवाई के लिये जिले में कुल 28 खडपीठें गठित की गई हैं, जिनमें से गुना मुख्यालय पर 15 खंडपीठ, सिविल कोर्ट चांचौड़ा में 05, राघौगढ़ में 06 व आरोन में 02 खंडपीठों द्वारा मामलों की सुनवाई की जायेगी। नेशनल लोक अदालत के समक्ष न्यायालय में लंबित लगभग 2500 प्रकरणों एवं लगभग 6500 पूर्ववाद प्रकरणों सहित कुल 9000 के लगभग प्रकरण सुनवाई हेतु प्रस्तुत किये जायेगे। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रातः 10.30 बजे प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गुना श्री वीरेन्द्र सिंह राजपूत द्वारा ए.डी.आर.सेंटर के सभागार में किया जायेगा।

रेड रिबन क्लब ने निकाली एड्स जागरूकता रैली

रेड रिबन क्लब
ओमकार कॉलेज

नुक्कड़ नाटक कर दिया संदेश

गुना, देशबन्धु। रेड रिबन क्लब द्वारा शुक्रवार को ओमकार नर्सिंग कॉलेज के तत्वाधान में एड्स जनजागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। यह जन जागरूकता रैली स्थानीय जिला अस्पताल परिसर से आरंभ हुई। जिसे क्लब प्रभारी डॉ. अनिल राजपूत द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः जिला अस्पताल परिसर पहुंची।

इस मौके पर आयोजित नुक्कड़ नाटक में एड्स के प्रति जागरूकता फैलाई गई। नुक्कड़ नाटक में छात्रों ने एचआईवी एड्स के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए एड्स से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने बताया कि हमें हमेशा दाढ़ी बनाते समय नई ब्लेड का उपयोग करें। हमेशा नई सीरिंज या इंजेक्शन का उपयोग करें। रक्त चढ़ाते समय रक्त के पैकेट पर एचआईवी रहित का लेबल अवश्य जांचे। यौन संबंध बनाते समय हमेशा निरोध का उपयोग करें। एड्स कभी भी किसी भी व्यक्ति को छूने, उसके साथ रहने, या उसकी वस्तुएं इस्तेमाल करने से नहीं फैलता है। एड्स एक लाइलाज बीमारी है और इससे बचाव ही इसका उपचार है। तत्पश्चात एड्स जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें स्वयंसेवकों नें ेूतएड्स लाइलाज है, बचाव ही उपचार है। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि एड्स रोगियों के प्रति समाज की सोच परिवर्तित कर ही एड्स रोग पर नियंत्रण पाया जा सकता है। डॉ. अनिल राजपूत ने एचआईव्ही पॉजिटिव पाए जाने पर एड्स रोगी की काउंसलिंग, आईसीटीसी की भूमिका, एआरटी से निःशुल्क औषधि प्राप्त किए जाने तथा एड्स रोगियों की दिनचर्या एवं आहार आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पैरामेडिकल वर्कर, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी एवं ओमकार कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

व्यक्ति के साथ गंभीर मारपीट

बीनागंज चौकी द्वारा कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति कर आवेदक को थमाया अदम चेक

गुना, देशबन्धु। जिले के बीनागंज पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम लाकोरी निवासी एक दूसरे भाई के यहां निमंत्रण पर खाना खाने गया था। इसी दौरान दोनों में विवाद हुआ। जिसमें आरोपी भाई एवं उसके बच्चों ने फरियादी भाई के साथ मारपीट कर दी, जिसमें उसे गंभीर चोटे आई है। जिसका जिला अस्पताल में ऑपरेशन हुआ है। मामले में परिजन बीनागंज पुलिस चौकी पहुंचे तो यहां कार्रवाई के नाम पर आदम चैक काट कर चलता कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम लाकोरी तहसील चाचौड़ा निवासी बंसीलाल अहिरवार को उसके सगे भाई ने भोजन हेतु निमंत्रण पर। जब वंशीलाल ने अपने भाई का निमंत्रण स्वीकार कर खाना खाने अपने उसके निवास पर पहुंच तो वहां पर स्थित भाई के पुत्र काशीराम अहिरवार एवं धारत सिंह अहिरवार ने उक्त बुजुर्ग बंसीलाल की नीचे पटक कर लात घुसो से गंभीर मारपीट की। आवाज सुनकर आज पड़ोस के लोगों ने बंसी लाल के घर वालों को बताया। जिस पर बंशीलाल के परिजन उसे किसी तरह वहां से बचाकर लाए। लेकिन बंसीलाल की स्थिति ज्यादा खराब होने के उपरांत उसे जिला चिकित्सालय गुना में भर्ती कराया गया। यहां उसका छाती में गंभीर चोट के कारण ऑपरेशन हुआ है। जिसकी शिकायत बंसीलाल के पुत्र ने बीनागंज चौकी में की जिस पर संबंधी चौकी के द्वारा कार्रवाई के नाम पर मात्र खाना पूर्ति कर आवेदक को अदम चेक देकर चौकी से भगा दिया गया।

डाक विभाग ने किया एक हजार से अधिक लोगों का 90 करोड़ का बीमा

गुना, देशबन्धु। भारत सरकार की जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से गुना डाक संभाग के द्वारा एक विशेष अभियान का आयोजन कर एक ही दिन में 1000 से अधिक लोगों को डाक जीवन बीमा का लाभ पहुंचाया गया।

इस अभियान के अंतर्गत 90 करोड़ से अधिक राशि के बीमा कवर आम जनता को प्रदान किए गए एवं 28 लाख रुपये प्रीमियम जमा किया गया। डाक अधीक्षक विनय श्रीवास्तव ने बताया कि भारत सरकार लगातार डाक विभाग के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर पहुंचाने का काम करती है। प्रधानमंत्रीजी के सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास के मूलमंत्र को लेकर एवं अंत्योदय के स्वप्न को साकार करने के लिए विगत दिवस एक विशेष अभियान 'बीमा है तो कल है' चलाया। जिसमें गुना डाक संभाग के सभी स्तर के कर्मचारियों ने हिस्सा लिया एवं सबने अपना योगदान देकर 1000 से अधिक लोगों को बीमा कवर प्रदान किये। उन्होंने बताया कि सम्पूर्ण मप्र के लिए यह एक कीर्तिमान है। जिसमें एक दिन में सर्वाधिक लोगों को बीमा से जोडने का कीर्तिमान स्थापित किया गया है।

इसी के साथ इस वित्तीय वर्ष में डाक संभाग के द्वारा 148 करोड़ राशि के बीमा कवर नागरिकों को प्रदान किए जा चुके हैं जो मध्य प्रदेश परिमंडल में सर्वाधिक है। उन्होंने बताया कि हमारा प्रयास है कि हम समाज को जागरुक बनाने का कार्य कर सकें एवं अधिक से अधिक लोगों को भारत सरकार की बीमा योजनाओं से जोड़ा जा सके। गुना डाक संभाग की इस उपलब्धि पर महानिदेशक डाक नई दिल्ली आलोक शर्मा, मध्यप्रदेश परिमण्डल के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल बृजेश कुमार एवं निदेशक डाक सेवाएं पवन कुमार डालमिया के द्वारा भी डाक संभाग की पूरी टीम को भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया और बधाई दी गई है ।

विधायक गोपालसिंह पहुंचे विधानसभा, मत्था टेका

आष्टा, देशबन्धु । आष्टा विधानसभा क्षेत्र से नव निर्वाचित विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने आज भोपाल विधानसभा पहुंचे। यहां उन्हांने विधानसभा भवन को मत्था टेका और मध्यप्रदेश विधानसभा के प्रमुख सचिव से शिष्टाचार भेंट की। विधायक के रूप में गोपालसिंह इंजीनियर विधानसभा पहुंचे। सबसे पहले आज उन्होंने मप्र विधानसभा में प्रवेश की सीढ़ियों पर कदम रख कर विस भवन को नतमस्तक होकर दंडवत प्रणाम किया और दोनों हाथ जोड़ कर विधानसभा में प्रवेश किया। विधायक श्री इंजीनियर का प्रण था कि वो जब भी विधानसभा जाएंगे तो एक विधायक के रूप में ही जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस संकल्प को पूर्ण होने में करीब 20 वर्ष का लंबा संघर्ष मय इंतजार किया । आष्टा विधानसभा क्षेत्र के कर्मठ भाजपा कार्यकर्ताओं एवं सभी मतदाताओं ने मेरे संकल्प को पूर्ण करने में जो आशीर्वाद,सहयोग किया उसके लिए में सभी के सामने नतमस्तक हूं। 16वीं विधानसभा के गठन के उपलक्ष्य पर आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने मध्य प्रदेश विधानसभा में अपने निर्वाचन प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रपत्रों के साथ पहुचे,विधानसभा के प्रमुख सचिव श्री अवधेश प्रताप जी से भेंट की उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की ।

अभियान के तहत शौचालय का निरीक्षण

आष्टा, देशबन्धु। भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे क्लीन टॉरगेट अभियान के अंतर्गत निकाय में स्थित सार्वजनिक शौचालय बस स्टैंड पर नगर पालिका उपयंत्री और स्वच्छता नोडल अधिकारी आदित्य तलनिकर द्वारा सार्वजनिक शौचालय ऑटो रिक्शा स्टैंड वाले शौचालयों का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण उन्होंने नगर पालिका परिषद आष्टा के नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर राय सिंह मेवाड़ा मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश सक्सेना के आदेश पर किया।

निकाय में स्थित सार्वजनिक शौचालय बस स्टैंड पर नगर पालिका उपयंत्री और स्वच्छता नोडल अधिकारी आदित्य तलनिकर द्वारा सार्वजनिक शौचालय ऑटो रिक्शा स्टैंड वाले शौचालय मैं निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान शौचालय में साफ सफाई, और सामग्री को देखा गया। जिसमें सभी गेट्स, लाइट, एक्जाश फेन, टाईल्स, इंसनीटर मशीन, सेनेट्री पैड मशीन, वासवेशिंग , हैंड वाश, सफाई सामग्री, आदि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विनोद सांगते ज्ञानसिंह बामनिया, योगी सक्सेना, उमाशंकर, आदि उपस्थित रहे।

बजरंगगढ़ हुआ मुनिसंघ का पैदल विहार, किए भगवान शांतिनाथ के दर्शन

गुना, देशबन्धु। आचार्यश्री विद्यासागरजी महाराज के शिष्य मुनिश्री आगम सागरजी एवं पुनीत सागरजी महाराज का शुक्रवार को गुना से पैदल विहार बजरंगगढ़ की ओर हुआ। शहर में चातुर्मास पूर्ण कर मुनिसंघ ने देर शाम गुना से बजरंगगढ़ स्थित पुण्योदय शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर बजरंगगढ़ के लिए रवाना हुए। इस मौके पर गाजे-बाजे के साथ मुनिसंघ को बड़ी संख्या में श्रद्धालु विदाई देने पहुंचे।

शाम को मुनिद्वय पैदल विहार करते हुए बजरंगगढ़ में प्रवेश किया। यहां मूलनायक प्राचीन कालीन भगवान शांतिनाथ, कुंथुनाथ एवं अरहनाथ भगवान के दर्शन किए। इस मौके पर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष एसके जैन एवं मंत्री प्रदीप जैन ने बताया कि मुनिसंघ के सानिध्य में शनिवार को श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन हुई। वहीं मुनिसंघ की आहारचर्या भी बजरंगगढ़ से होगी। कमेटी ने श्रद्धालुओं से बजरंगगढ़ पहुंचकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

श्रमोदय आवासीय विद्यालय में कक्षा 6वीं के लिए 21 जनवरी को होगी प्रवेश परीक्षा

गुना, देशबन्धु। सहायक श्रम पदाधिकारी ने बताया कि म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को उच्च गुणवत्ता युक्त निःशुक्ल शिक्षा हेतु श्रमोदय विद्यालय ग्वालियर में संचालित श्रमोदय आवासीय विद्यालय में कक्षा 06 के विद्यार्थियों के लिये प्रति विद्यालय 160 एवं कुल 640 विद्यार्थियों को चयन परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत प्रवेश देने का प्रावधान हैं । विद्यालय में प्रवेश हेतु परीक्षा 21 जनवरी 24 को आयोजित की जावेगी अधिक जानकारी के लिये सहायक श्रम पदाधिकारी श्रम विभाग नवीन कलेक्ट्रेट भवन गुना से संपर्क किया जा सकता हैं ।

आज रहेगी बिजली गुल

गुना। मेंटीनेंस के चलते शनिवार को शहर के विभिन्न हिस्सों में बिजली गुल रहेगी। प्रबंधक केंट जोन मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड गुना द्वारा दी गयी जानकारी अनुसार 11 केव्ही लाईन पर डीटीआर मेन्टीनेंस कार्य के चलते दिनांक 09 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे से सांय 4 बजे तक विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा जिससे कोल्हूपुरा, कर्नलगंज, अन्नपूर्णा कॉलोनी, सिसौदिया कॉलोनी, दुर्गा कॉलोनी एवं शिवाजी नगर आदि क्षेत्रों की विद्युत प्रवाह बाधित रहेगी। उक्त विद्युत कटौती की अवधि को आवश्यकतानुसार घटाया अथवा बढ़ाया जा सकता है।

पारंपरिक अनाज ज्वार, बाजरा को भोजन में सम्मिलित करें : तोमर

एनसीसी ने आयोजित किया मोटे अनाज की महत्ता पर सेमीनार

गुना, देशबन्धु। महाविद्यालय की एनसीसी इकाई ने अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 के अंतर्गत मोटे अनाज वर्तमान समय की मांग विषय सेमिनार का आयोजन किया। जिसमें मुख्य वक्ता कृषि विज्ञान केंद्र आरोन जिला गुना के डायरेक्टर एवं कृषि वैज्ञानिक डॉ. अखिलेश श्रीवास्तव रहे। जिन्होंने पीपीटी के माध्यम से आज की दिनचर्या में मिलेट्स का महत्व विषय पर व्यंख्यान देते हुए कहा कि आज हमारी दिनचर्या अव्यवस्थित हो गई है। जिसमें खान पान का चयन एवं अनियमितता प्रमुख कारण है।

जिसके कारण भारत आज डायबिटीज, हार्ट अटैक, ब्लड प्रेशर एवं रतौंधी जेसी बीमारी में विश्व में प्रथम हो गया है। कार्यक्रम के दूसरे वक्ता डॉ. सुदीप सिंह तोमर कृषि वैज्ञानिक ने कहा कि हम फास्ट फूड छोड़ कर अपने पारंपरिक अनाजों जिसमें ज्वार, बाजरा, कोदो, कुटकी, रागी, कंगिनी, चीना, समा और काकुन जैसे मोटे अनाजों को भोजन में सम्मिलित करना होगा। क्योंकि इन अनाजों में कम बीमारी लगने के कारण एवं खाद का उपयोग न के बराबर होने के साथ ही यह वर्षा आधारित होने के कारण कम खर्चा भी होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वनस्पति विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ. निरंजन श्रोत्रिय ने अंतर राष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 की पृष्ठ भूमि एवं उसकी थीम को विस्तार से बताया। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि पूर्व प्राध्यापक डॉ. सतीश चतुर्वेदी ने कहा कि स्वास्थ्य का सीधा संबंध रीजनल एवम सीजनल अनाज, सब्जियां एवं फलों के सेवन से होता है। साथ ही उन्होंने अंकुरित अनाजों का सेवन अवश्य रूप से करना चाहिए पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे कैप्टन मनोज कुमार भिरोरिया ने करते हुए बताया कि एनसीसी एक अनुशासित संस्था है। उसके कैडेट्स इन विषयों पर सम्पूर्ण जानकारी रखें। जिससे वे अपने परिवार एवं समाज में जागरूकता फैला सके, ताकि लोग रोग मुक्त जीवन यापन कर सकें। तभी इस प्रकार के सेमीनारों के आयोजन की सार्थकता सिद्ध होगी। कार्यक्रम में आभार यशवंत शर्मा ने व्यक्त कियाऽ कार्यक्रम में विकास पित्रे, जगत सिंह किरार, शालिनी जैन, रीता राय एवं जिले की एनसीसी के लगभग 115 कैडेट्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन एनसीसी गीत के साथ किया गया।

खेत जा रही बहनों के साथ छेड़छाड़, विरोध किया तो की मारपीट

गुना, देशबन्धु। धरनावदा थानांतर्गत ग्राम पटना में दो बहनों के साथ एक व्यक्ति द्वारा अश्लील हरकत कर छेड़छाड़ की गई। जब बहनों ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने लाठी-डंडे से मारपीट कर दी। बीच बचाव करने गई बहनों के माता-पिता एवं परिजनों के ऊपर भी आरोपी के परिजनों ने हथियारों से हमला कर दिया। जिसमें वह घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी अंजना पुत्री बुंदेल सिंह यादव ने अपने पिता बुंदेल सिंह, बहन रचनाबाई, माँ प्रयागबाई एवं भाई धर्मवीर के घायल अवस्था में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके पिता बुंदेल सिंह व भाई धर्मवीर यादव दोनों बीड़ वाले खेत पर थे। उससे थोडी दूर पर हमारा डबर वाला खेत है। जिसमें गेहूँ और धनिया बो रखी थी। जिसमें मोटर से पानी चल रहा था। जिसे को देखने वह और उसकी बड़ी बहन रचना जा रहे थे। जैसे ही वह कलुआ उर्फ कुलदीप यादव के घर के सामने पहुंचे तो आरोपी ने उन्हें देखकर अश्लील इशारे करते हुए छेड़छाड़ शुरू कर दी। जब दोनों बहनों ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने लाठी से उनकी मारटपी करदी। बहनों को बचाने उनके पिता, मां एवं भाई आएं तो आरोपी के बड़े भाई संग्राम, उसका लडका सर्जन एवं कलुआ की पत्नी रचनाबाई भी आ गये थे और सभी ने एकराय होकर उनके ऊपर हमला कर दिया। जिसमें वह लोग घायल हो गए। मामले में पुलिस ने फरियादिया की शिकायत पर आरोपियों पर धारा 294, 323, 506, 509, 34 भादवि का मामला दर्ज किया है।

एबी रोड पर खड़े रोड रोलर का 2 टन वजनी रोलर ले गए चोर

गुना, देशबन्धु। धरनावदा थानांतर्गत खडेश्वरी बालाजी मंदिर एबी रोड के पास खड़ा दुर्घटनाग्रस्त रोड रोलर का अज्ञात रोलर ही निकलकर ले गए। दो टन वजनी उक्त रोलर की कीमत एक लाख रुपए बताई जाती है। फिलहाल पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोरों पर चोरी का मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी कपिल विजयवर्गीय के अनुसार उनका रोड रोलर दुर्घटना ग्रस्त होकर ग्राम गादेर से रुठियाई के रास्ते में खडेश्वरी बालाजी महाराज के मंदिर के पास मैन एबी रोड पर खराब होकर खड़ा था। दुर्घटनाग्रस्त होने की वजह से उसका अगला पहिया निकल कर बहार आ गया था। गत रात कको कोई अज्ञात चोर उनके लोहे का बना रोलर निकाल कर ले गए।

चार दिनी आलमी तब्लीगी इज्तिमा शुरू

जो ज्यादती करे उसे माफ करें: मौलाना जमशेद

भोपाल, देशबन्धु। राजधानी भोपाल में चार दिनी आलमी तब्लीगी इज्तिमा शुक्रवार से शुरू हो गया है। इसमें दुनियाभर से जमातें आई हैं। पहले दिन शुक्रवार को फजिर की नमाज के बाद जमातों को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के मौलाना जमशेद ने कहा, जो तुम पर ज्यादती करे उसे माफ कर दें। यह कड़वा घूंट जरूर है, मगर यह ईमान वाले लोगों की पहचान भी है। इसलिए माफ करने वाला इंसान बनें।

मौलाना जमशेद ने अपनी तकरीर में दीन और हक के रास्ते पर चलने की बात कही। उन्होंने छोटे बच्चों की तालीम पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि मस्जिद का माहौल आदमी के ईमान को पुख्ता करता है। हमें धर्म के रास्ते पर चलना चाहिए। इससे अल्लाह हमें गुनाहों से दूर रखता है। उन्होंने कहा कि आदमी जितना ईमान के करीब आयेगा, अल्लाह बुरे कामों से दूर रखेगा। उन्होंने समझाया कि अल्लाह के सिवा किसी और से सवाल करने वाले के लिए अल्लाह मोहताजी का दरवाजा खोल देते हैं।

वहीं दोपहर में इज्तिमें में शामिल लाखों लोगों ने जुमे की नमाज अता की। मौलाना मोहम्मद यूसुफ कंधवाली ने जुमे की नमाज अता कराइ है। नमाज के बाद लोगों ने हाथ उठाकर मुल्क में अमन खुशहाली और सद्भावना की दुआ की। इसके बाद मौलाना यूसुफ ने बयान किया। उन्होंने अल्लाह की रस्सी को मजबूती से थामे रखने, सबके लिए अच्छे अखलाक रखने, अपने मुल्क के लिए वफादार रहने की बातें बताईं। उन्होंने कहा कि बंदा जैसी नीयत करता है, अल्लाह उसी तरह के हालात बना देते हैं। उन्होंने लोगों से भलाई करने, सबके लिए अच्छा किरदार रखने और हर काम अल्लाह की रजा के लिए करने की बात कही। उधर शाम की नमाज के बाद दिल्ली मरकज से आए मौलाना साद कंधवाली ने सुई पटक सन्नाटे के बीच हुए मज़में में अपने बयान में कहा कि हर चीज, हर बात, हर वाक्या, हर काम, हर हरकत पर अल्लाह की मर्जी ही होती है। उसकी मर्जी के बिना कुछ भी नहीं होता। इसलिए इंसान को हर हालात को अल्लाह की मर्जी मानकर कुबूल करना चाहिए। इस चार दिन के समागम में देश के अलग-अलग हिस्सों से आए उलेमाओं की तकरीरें होंगी।

पहले दिन कई निकाह भी हुए

इज्तिमें के 77 साल के इतिहास में पहली बार सामूहिक निकाह आयोजन के पहले दिन किए गए। अब तक ये आयोजन इज्तिमे के दूसरे दिन हुआ करता था, जिसे बयान की तरतीब के लिहाज से पहले दिन कर दिया गया है। इस बार इज्तिमागाह पर करीब साढ़े 3 सौ निकाह पढ़ाए गए हैं। मौलाना मोहम्मद साद ने निकाह पढ़ाने के बाद इन जोड़ों की कामयाब जिंदगी की दुआ कराई। उन्होंने नए दूल्हों को अपनी बीवी के प्रति दायित्व और मां बाप के साथ बाकी रिश्तेदारों के लिए कर्तव्य भी समझाए। गौरतलब है इज्तिमा के दौरान निकाह की प्रक्रिया में दूल्हा अपने रिश्तेदारों के साथ पहुंचता है, जबकि दुल्हन की तरफ से उसका कुबूलनामा उसके परिजन लेकर आते हैं। बिना खर्चीली और आसान शादी की अवधारणा को आगे बढ़ाने के लिए ये आयोजन किया जाता है। मसाजिद कमेटी इसके लिए पंजीयन करता है। साथ ही ऐसे निकाह के लिए पंजीयन शुल्क में रियायत भी दी जाती है।

जमातों के आने का सिलसिला जारी

इज्तिमें में शामिल होने के लिए गुरुवार से ही जमातों के इज्तिमागाह ईटखेड़ी स्थित घासीपुरा पहुंचने का सिलसिला शुरू हो चुका था, जो आज भी जारी रहा। इस दौरान आंध्र प्रदेश, केरल, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, बरार, नागपुर, गुजरात, मुंबई, महाराष्ट्र, यूपी, बिहार, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, नेपाल, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, असम, मेवात, राजस्थान, दिल्ली आदि जगह से लोग यहां पहुंचे हैं। इसके अलावा, प्रदेश के विभिन्न जिलों से आने वाली जमातों के ठहरने के लिए ब्लॉक बनाए गए हैं।

मांस खाने वाले लोगों के लिए किया अनोखा प्रदर्शन

जाली पर भुनता कुत्ता देख लोग हो गए हैरान

__भोपाल, देशबन्धु।__ आपने जाली पर चिकन, मटन और मछली तो भुनते हुए देखी होगी, मगर राजधानी के बोट क्लब पर शुक्रवार दोपहर पहली बार एक युवक को जाली पर कुत्ता भूनते हुए देखकर लोग आश्चर्यचकित हो गए। इसके बाद हर कोई कुत्ते को भूनने वाले से बात करने के लिए मजबूर हो गया। हालांकि यह असली नहीं बनावटी कुत्ता था।

All Animals Matter.
END SPECIESISM!
PETA
WOULDN'T
WHY

दरअसल अंतर्राष्ट्रीय पशु अधिकार दिवस से पहले, पीपुल्स फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स (पेटा) इंडिया के एक समर्थक ने मांस खाने वाले लोगों के लिए जाली पर कुत्ते को भूनने का प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वाले युवक ने बताया कि यह प्रदर्शन यह संदेश देगा कि सभी जानवर मांस, खून और हड्डी से बने हैं। उनमें भी हमारी तरह विभिन्न प्रकार की भावनाओं को महसूस करने की क्षमता होती है। मांस खाने का मतलब उन संवेदनशील प्राणियों की लाशें खाना है, जो अपने जीवन को महत्व देते हैं। ठीक वैसे ही जैसे कुत्ते अपनी जीवन को महत्व देते हैं और मरना नहीं चाहते। उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्ट्रीय पशु अधिकार दिवस 10 दिसंबर को मनाया जाता है।

इस अवसर पर पेटा के उत्कर्ष गर्ग ने कहा कि जब दर्द सहने और डर महसूस करने की क्षमता की बात आती है, तो मुर्गियां, बकरियां और गायें कुत्तों से अलग नहीं हैं। ऐसे में पेटा इंडिया सभी जानवरों को अपनी थाली से दूर रखने के लिए उन सभी को प्रोत्साहित कर रहा है, जिसको कुत्तों का मांस खाने से घिन आती है, लेकिन अन्य जानवरों का मांस खाने में बुराई नहीं नजर आती। उन्होंने कहा कि पेटा इंडिया इस सिद्धांत में विश्वास रखता है कि जानवर हमारा भोजन बनने के लिए नहीं हैं।

Jawaharlal Nehru Krishi Vishwa Vidyalay, Jabalpur
COLLEGE OF AGRICULTURE, TIKAMGARH
WALK-IN-INTERVIEW

Eligible candidates may appear for "Walk-In-Interview" for the post of Research Associate (RA), Senior Research Fellow (SRF) and Lab Worker (LW) on contractual basis with the original documents and two sets of application form (with self attested photographs and photocopies of documents) on dated 20 December, 2023 (11.00 AM onwards) under the project entitled "RKVY funded Agroforestry based project entitled "Developing and establishing hi-tech plant tissue culture laboratory for supplying quality planting materials of different forest based plants to local farmers for livelihood enhancement with diffusion of research" at College of Agriculture, Tikamgarh.
Details and format for application can be obtained from http://www.jnkvv.org
Place of Interview: Office of The Dean, JNKVV, College of Agriculture, Tikamgarh,

IPRO/PBG/2023/60 **DEEN**

न्यायालय तहसीलदार, राजधानी परियोजना टी.टी.नगर - भोपाल
(शेड नं. 06 बारह दफ्तर जवाहर चौक भोपाल)
प्रकरण क्रमांक 0037/अ-6/2023-24

इश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण श्री अभिषेक दीवान आ. श्री उदय राम दीवान एवं श्रीमती सिमाला प्रसाद पत्नी श्री अभिषेक दीवान दोनों निवासी- मकान नं. ए-244 कर्मचारी आवास कॉलोनी, महलगांव, ग्वालियर द्वारा ग्राम - चंदनपुरा स्थित भूमि खसरा नंबर 64/1/6 रकबा 0.8138 हे. सीमांकन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 15.12.2023 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि व्यतीत होने के बाद प्राप्त आपत्तियों पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी।

तहसीलदार
राजधानी परियोजना, भोपाल

कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल

आम सूचना

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कटारा हिल्स भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रं. एम.आई.जी. I/158 मंडल द्वारा श्रीमति ऊषा सोनी पति श्री रमेश चंद्र सोनी एवं श्री नितिन सोनी आत्मज श्री रमेश चंद्र सोनी के नाम आवंटन आदेश क्रं.-2222-23 दिनांक 31.07.2004 जारी है एवं विक्रय पत्र पंजीयन कार्यालय में दिनांक 20.06.2006 को पंजीकृत है। इनके द्वारा श्रीमती लक्ष्मी चढ़ोकर सिंह पति श्री अंकित सिंह के नाम विक्रय पत्र पंजीयन कार्यालय में दिनांक 23.11.2023 को पंजीकृत कराया गया है। श्रीमती ऊषा सोनी पति श्री रमेश चंद्र सोनी, श्री नितिन सोनी आत्मज श्री रमेश चंद्र सोनी एवं श्रीमती लक्ष्मी चढ़ोकर सिंह पति श्री अंकित सिंह द्वारा आवेदन पत्र, शपथ पत्र मंडल द्वारा निर्धारित आवेदन पत्र, परिचय पत्र एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त भूखण्ड श्रीमती लक्ष्मी चढ़ोकर सिंह पति श्री अंकित सिंह के नाम हस्तांतरण करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है, जो कि इस कार्यालय में विचाराधीन है। यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी एवं संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस के अंदर आपत्ति सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल

भोजपाल महोत्सव मेले में सूफी नाइट कल

भोपाल, देशबन्धु। राजधानी भोपाल के भेल दशहरा मैदान पर चल रहे भोजपाल महोत्सव मेले में रविवार को सूफी नाइट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में इंडियन आइडल सीजन-12 फेम प्लेबैक सिंगर सवाई भट्ट अपनी प्रस्तुति देंगे। श्री भट्ट सूफी के साथ बॉलीवुड गानों की प्रस्तुति देंगे।

मेला अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि मेले में रोजाना 15 से 20 हजार लोग परिवार के साथ पहुंच रहे हैं। मेले में सबसे ज्यादा युवाओं की टोली देखी जा रही है। शुक्रवार को मेले के सांस्कृतिक मंच पर रुतबा बैंड द्वारा सुमधुर प्रस्तुति दी गई। बैंड की छह सदस्यीय टीम ने रॉक गानों की प्रस्तुति देकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं शनिवार को वैशाली राय भोजपाल महोत्सव मेला के सांस्कृतिक मंच पर धमाल मचाएंगी। वैशाली राय बॉलीवुड नाइट, डांसिंग नंबर्स के साथ कई शो कर चुकी हैं। अब भोजपाल महोत्सव मेले में अपनी प्रस्तुति देने आ रही हैं। मेला महामंत्री हरीश कुमार राम ने बताया कि मेले में दुबई, सिंगापुर, मलेशिया, बैंकाक, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, और चंडीगढ़ की तर्ज कर बनाई गई भूमिगत पानी की गुफा देखने को मिल रही है। यहां जमीन के भीतर बनी करीब 180 फीट गुफा में भरे पानी में 300 से ज्यादा विभिन्न प्रकार की मछलियां हैं। ऐसे में लोगों को बिरंगी मछलियों का घर संसार देखने को मिल रहा है।

मासिक गोष्ठी संपन्न

भोपाल, देशबन्धु। प्रखर सामाजिक साहित्यिक और सांस्कृतिक संस्था द्वारा मासिक गोष्ठी कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाला रानी खरे मुख्य अतिथि गीता शर्मा विशिष्ट अतिथि साक्षी मीणा, सरस्वत अतिथि शकुंतला वशिष्ठ की गरिमा में उपस्थिति में एक उत्कृष्ट गोष्ठी का संपादन हुआ। प्रारंभ में स्वागत वक्तव्य डॉक्टर साधना शुक्ला ने प्रस्तुत किया। सरस्वती वंदना कुसुम शर्मा ने प्रस्तुत की। गोष्ठी में 37 रचनाकारों ने भाग लिया। इनमं गायत्री स्वामी, मीणा जाखड़ ,सीमा तिवारी, सिद्धि दुबे, माधुरी राय ,शीला श्रीवास्तव ,मधुमति वैश्य ,राधा रानी रैकवार ,स्मिता शांडिल्य ,राखी वर्मा, नेहा श्रीवास्तव ,आशा सिंह, किरण गुप्ता, शोभा यादव , कंचन ओझा आदि शामिल थी।

न्यायालय तहसीलदार, राजधानी परियोजना टी.टी.नगर - भोपाल
(शेड नं. 06 बारह दफ्तर जवाहर चौक भोपाल)
प्रकरण क्रमांक 0027/अ-6/2023-24

इश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अनिल गुप्ता आ. श्री लक्ष्मीनारायण गुप्ता निवासी- ई-1/60 अरेरा कालोनी भोपाल द्वारा ग्राम - चंदनपुरा स्थित भूमि खसरा नंबर 64/1/5 रकबा 0.1394 हे. सीमांकन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है ।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 15/12/2023 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है । निर्धारित अवधि व्यतीत होने के बाद प्राप्त आपत्तियों पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा । आज दिनांक 08.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी ।

तहसीलदार
राजधानी परियोजना, भोपाल

कार्यालय नगर पालिक निगम, सागर

क्र./नामा. शा./न.नि./2023/358 सागर दिनांक 06/12/2023

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, नगर पालिक निगम सागर सीमान्तर्गत नीचे दिये गये भवन/प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। अतः इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी लिखित आपत्ति सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के अंदर आयुक्त, नगर पालिक निगम सागर के नाम पर प्रस्तुत कर सकते हैं।

क्र.	प्र.क्र.	वार्ड का नाम भवन/प्लाट	किस आधार पर	नाम बेचवार/वसीयतनामा/ दानदाता/वंशानुक्रम	जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है
1.	1121/23-24	सूबेदार	रजि. बै., श.प. क. नि. र. टै.र. आधार कार्ड	विकास पिता स्व. ओंकार प्रसाद सोनी	आकाश पिता स्व. ओमकार प्रसाद सोनी
2.	1122/23-24	रविदास	वसी., मृ. प्र. प., श. प., आधार	स्व. सोमराज सिंह पिता जनक सिंह जादौन	नीरज सिंह पुत्री स्व. सोमराज सिंह जादौन
3.	1123/23-24	तिली वार्ड	रजि. बै., श. प., खसरा, आ. का., टै. र.	पूनम प्रसाद पिता त्रिभुवन प्रसाद सोनी	श्वेता भटनागर पति प्रवीण खरे
4.	1124/23-24	तिली वार्ड	रजि. बै., श.प., क. नि. र., आधार कार्ड	प्रदीप कुमार पिता शोभाराम सकवार	मोहनी पति श्याम सोनी
5.	1125/23-24	शिवाजी	रजि. बै., श.प., क. नि. र., आधार	पोद्दार कन्स. द्वारा- ओमप्रकाश पिता सत्यनारायण पोद्दार	शिल्पा पति मनोज मिश्रा पुत्री कुन्दनलाल पाराशर
6.	1126/23-24	राजीवनगर	रजि., बै., श.प., क. नि. र., आधार	योगेश पिता स्व. प्रभुदयाल एवं सुखदेव, राजकुमार एवं महेन्द्र पिता भगवती प्रसाद एवं अभिजी पिता प्रकाश बिल्थरिया	अरविन्द पिता हुकुमचन्द जैन
7.	1127/23-24	मोतीनगर	रजि. बैनामा, शपथ पत्र	काशीबाई पति छोटेलाल पटेल	कविता पति सन्तोष कुमार जैन
8.	1128/23-24	बाघराज	रजि. बै., श.प., खसर, बी-1	जगदीश पिता रामनाथ यादव	शकुन्तला पति एन.पी. नामदेव
9.	1129/23-24	चकराघाट	रजि. बैनामा शपथ पत्र	प्रमोद वल्द तुलसीराम बडोन्या	विनोद पिता तुलसीराम बडोन्या
10.	1130/23-24	चकराघाट	रजि. हकत्याग पत्र शपथ पत्र	प्रमोद वल्द तुलसीराम बडोन्या, शशि पति अजय सोनी एवं सविता पति सतीश दरे	विनोद पिता तुलसीराम बडोन्या
11.	1131/23-24	तिली वार्ड	रजि. बैनामा, शपथ पत्र	पुरूषोत्तम पिता बलराम एवं स्वरूपरानी पति रमेश चौरसिया	पूजा पुत्री प्रभुदयाल चौरसिया

कृते-आयुक्त, नगर पालिक निगम, सागर

कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल

आम सूचना

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कटारा हिल्स भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रं. एम.आई.जी. I/157 मंडल द्वारा श्री रमेश चंद्र सोनी आत्मज स्व.श्री गोकुल प्रसाद सोनी के नाम आवंटन आदेश क्रं. 2868-73 दिनांक 25.09.2004 जारी है, एवं विक्रय पत्र पंजीयन कार्यालय में दिनांक 20.06.2006 को पंजीकृत है। इनके द्वारा श्रीमती अर्चना रुपेश गौतम पति श्री रुपेश गौतम के नाम विक्रय पत्र पंजीयन कार्यालय में दिनांक 23.11.2023 को पंजीकृत कराया गया है। श्री रमेश चंद्र सोनी आत्मज स्व.श्री गोकुल प्रसाद सोनी वं श्रीमती अर्चना रुपेश गौतम पति श्री रुपेश गौतम द्वारा आवेदन पत्र, शपथ पत्र, मंडल द्वारा निर्धारित आवेदन पत्र परिचय पत्र एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त भूखण्ड श्रीमती अर्चना रुपेश गौतम पति श्री रुपेश गौतम के नाम हस्तांतरण करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है, जो कि इस कार्यालय में विचाराधीन है। यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी एवं संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस के अंदर आपत्ति सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल

कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल

आम सूचना

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कटारा हिल्स भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रं. एच.आई.जी. डिलक्स 22 मंडल द्वारा श्रीमती सविता जोशी पति श्री प्रकाश जोशी के नाम आवंटन आदेश क्रं.-259 दिनांक 26.04.2003 जारी है एवं विक्रय पत्र पंजीयन कार्यालय में दिनांक 24.05.2023 को पंजीकृत है। इनके द्वारा श्रीमती दिव्यांशी सिंह पति ऋषिराज सिंह गहरवार के नाम विक्रय पत्र पंजीयन कार्यालय में दिनांक 06.01.2023 को पंजीकृत कराया गया है। श्रीमती सविता जोशी पति श्री प्रकाश जोशी एवं श्रीमती दिव्यांशी सिंह पति श्री ऋषिराज सिंह गहरवार द्वारा आवेदन पत्र, शपथ पत्र, मंडल द्वारा निर्धारित आवेदन पत्र, परिचय पत्र एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त भवन श्रीमती दिव्यांशी सिंह पति श्री ऋषिराज सिंह गहरवार के नाम हस्तांतरण करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है, जो कि इस कार्यालय में विचाराधीन है। यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी एवं संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस के अंदर आपत्ति सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल

कार्यालय नगर पालिका परिषद् नागदा जिला उज्जैन

क्रमांक एफ- / राजस्व/2023/6685 नागदा, दिनांक 08.12. 2023

विज्ञप्ति सूचना

इस सूचना द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित विवरण के भवन / भूमि के स्वामित्वो / उत्तराधिकारी की ओर से आवेदन पत्र इस कार्यालय में म.प्र. न.पा. अधिनियम 1961 की धारा 150(1)(2)(3) के अनुसार नामांकन की सूचना प्राप्त होने के फलस्वरूप धारा 151 के तहत कार्यवाही की जाना है। अत: जिस किसी को नाम किये जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति होतो विज्ञप्ति के प्रकाशन के दिनांक से 30 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति लिखित रूप से मय दस्तावेज के प्रस्तुत करें अन्यथा अवधि समाप्ति के पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी-

1	मनोहर वाटिका	दीपक -देवदास जी	दीपक-देवदास जी	जितेन्द्र-हरीशचंद ओझा	रजि./प्लाट
2	साकेत कॉ.	मनीष, महेन्द्र-गोवर्धनलाल	मनीष, महेन्द्र-गोवर्धनलाल	पूजाबाई-जितेन्द्र दीपिका-धर्मेन्द्र	रजि./प्लाट
3	चंबल मार्ग	नूरजहाँ-अब्दुल अजीज	नूरजहाँ -अब्दुल अजीज	फरीदउद्दीन-अनीसउद्दीन	रजि./भवन
4	श्रीराम कॉ.	विजयादेवी-विनोद कुमार आदित्य-विनोद कुमार	विजयादेवी-विनोद कुमार आदित्य-विनोद कुमार	पंकज- गोवर्धनलाल	रजि./भवन
5	नर्मदा नगर	ममता- सुरेश	ममता- सुरेश	कैलाश-मांगीलाल वर्मा	रजि./प्लाट
6	बिरला मंदिर के पास	निरंक	दौतलसिंह-स्व.धनसिंह	विष्णुबाई-कमल सिंह	रजि./प्लाट
7	अमला रोड	निरंक	महेश-रामसिंह	शीतल-अनिल	रजि./प्लाट
8	आर. एम. धारीवाल	निरंक	दिलीप-देवीचंद्र	रमेशचन्द्र-धनीराम	रजि./प्लाट 185
9	प्रकाश नगर गली नं. 02	निर्मल कुमार- कालूराम	निर्मल कुमार- कालूराम	अशोक-मोतीलाल वर्मा	रजि./भवन
10	जूना नागदा रोड शिवपुरा टॉवर के पीछे	रफीक खान-सलीम खान	रफीक खान-सलीम खान	मो. खाँ-सरदार खाँ	रजि. / प्लाट
11	नागदा खाचरौंद बायपास से अंदर	निरंक	राहुल-गोवर्धनलाल	रेणुका-पिता फूलगिरी	रजि. / प्लाट
12	नागदा खाचरौद बायपास से अंदर	निरंक	राहुल-गोवर्धनलाल	गंगाबाई-भंवरलाल	रजि. / प्लाट
13	इंदिरा गाँधी गृह निर्माण	मंजुबाला - पारसचंद	मंजुबाला - पारसचंद	माधवी रानी-राजेन्द्र सिंह	रजि. / प्लाट
14	चिकित्सालय मार्ग गली नं. 01	सुरेश, दुर्गेश, ओमप्रकाश पिता स्व. गोपीलाल वर्मा	सुरेश, दुर्गेश, ओमप्रकाश पिता स्व. गोपीलाल वर्मा	भूपेन्द्र कुमार - रतनचंद जैन	रजि. / प्लाट
15	मनोहर वाटिका	निरंक	राजेश-देवदास पाटीदार	कल्पेश-सुभाषचंद जैन	रजि. / प्लाट
16	दयानंद कॉ.	राधाकिशन-सोहनलाल	हस्तीमल, सौभागमल पिता रतीचंद	राधाकिशन-सोहनलाल	रजि./ भवन
17	सुनीर नगर के समीप	विक्रम सिंह- रामसिंह	विक्रम सिंह- रामसिंह	राजकुमार-सुल्तान सिंह	रजि. / प्लाट
18	श्रीराम कॉ.	शिखा- सचिन ओरा प्रिया-अखिलेश बबली - कमल पोरवाल	शिखा- सचिन ओरा प्रिया-अखिलेश बबली - कमल पोरवाल	राजेश, दीपक-देवीदास पाटीदार	रजि. / प्लाट
19	पाल्या रोड	संतोष-मांगीलाल	संतोष-मांगीलाल	साबीर-जमीर मंसूरी	रजि. / भवन
20	पाल्या गाँव	नंदराम-भेराजी	नंदराम-भेराजी	प्रभावती- पिता नंदराम आनंदीदेवी-स्व. पूनमचंद राजेश्वरी-स्व.रामलाल	मृत्यु प्रमाण पत्र शपथ पत्र/प्लाट
21	पाल्या गाँव	निरंक	कचरुलाल-थावर जी	अयोध्याबाई-स्व. रमेशचन्द्र	रजि./प्लाट
22	बिरला मंदिर के पीछे	गोविंद कुंवर-हरी सिंह	गोविंद कुंवर-हरी सिंह	विजय सिंह-केशर सिंह	रजि / भवन
23	श्रीराम कॉ. पीछे का भाग	निरंक	लखन - बाबुलाल	योगिता-सौरभ शर्मा	रजि. / प्लाट
24	नाहर खाँ कॉ.	गजेन्द्र काठेड़- समरथमल काठेड	गजेन्द्र काठेड़- समरथगल काठेड	अखिलेश व्यास- द्वारका प्रसाद व्यास	रजि. / प्लाट
25	नई आबादी	विशाल गुर्जर, आकाश गुर्जर पिता मांगीलाल गुर्जर	विशाल गुर्जर, आकाश गुर्जर पिता मांगीलाल गुर्जर	पूजा- जितेन्द्र सिंह डोडिया	रजि. / प्लाट

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद नागदा

कार्यालय नगर परिषद भैरूंदा, जिला सीहोर (म.प्र.)

Tel. No/Fax No.-07563-276062 Email Add-cmonasrullaganj@mpurban.gov.in
क्रमांक/8913/भू.ना./2023 भैरूंदा दिनांक 08.12.2023

नगर परिषद के स्वामित्व के भूखंड के किरायेनामे का नाम परिवर्तन की सार्वजनिक सूचना का प्रकाशन।

क्रमांक	भूखंड क्रमांक	वर्तमान आवंटी का नाम	भूखंड का पता	प्रस्तावित जिसके नाम भूखंड दर्ज किया जाना है	नाम परिवर्तन का आधार	रिमार्क
01	60,61	श्री देवी सिंह यादव आत्मज श्री हरीसिंह यादव	जेपी मार्केट भैरूंदा	श्री वीरेन्द्र यादव, राजेन्द्र यादव आत्मज श्री देवी सिंह यादव	सहमती शपथ पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र	
02	76,77	श्री सत्तार खान आत्मज शेख बुलाकी	जेपी मार्केट भैरूंदा	श्रीमति किश्वर खान पत्नि श्री सत्तार खान	सहमती पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र	
03	91,92	श्री भगवान सिंह यादव आत्मज श्री हजारीलाल यादव	जेपी मार्केट भैरूंदा	श्री लक्ष्मीनारायण यादव आत्मज श्री भगवानसिंह यादव	सहमती पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र	
04	108,109	श्रीमति सावित्री बाई पत्नि सुनील सिंह परिहार	जेपी मार्केट भैरूंदा	श्री सुमित परिहार आ. संतोष सिंह, श्री आदित्यराज आ. महेन्द्र सिंह, श्री विक्रम सिंह आ. सुनील सिंह	शपथ पत्र	
05	55	श्री शकूर खां आत्मज श्री बट्टू खां	पुराना वाल विहार	श्री साबिर खां आत्मज श्री सबूर खां	सहमती शपथ पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र	

उक्त भूखंड के खाते के नाम परिवर्तन करने में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई वैधानिक आपत्ति हो तो वह 30 दिवस के अंदर नगर परिषद भैरूंदा के कार्यालय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें, यदि 30 दिवस के अंदर कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो, नगर परिषद नाम परिवर्तन के लिये सक्षम होगा। तद्पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद भैरूंदा, जिला सीहोर (म.प्र.)

अभिमत

आम वादी को न्याय भ्रामक और आर्थिक नजरिए से अवहनीय लगता है। मुकदमे के लिए पांच साल से अधिक समय से इंतजार कर रहे किसी भी व्यक्ति से मिलें तो उसके चेहरे पर जीवन और स्वतंत्रता पर अपरिवर्तनीय परिणामों का दर्द स्पष्ट दिखाई देगा। न्याय में देरी से पीड़ित लोगों की एक बड़ी संख्या प्रकारांतर से गरीब और वंचित है। फिर भी न्याय प्रणाली में देरी कुछ लोगों के लिए आर्थिक अर्थ रखती है। उदाहरण के लिए, मुकदमे में देरी से कुछ वकीलों को लाभ होगा।

न्याय मिलने में देरी का मतलब न्याय से वंचित रखना है



जीएन बाजपयी

भारत के लोकतंत्र के गर्भगृह के रूप में विख्यात ऐतिहासिक संसद भवन को नवीनतम सुविधाओं से लैस नए भवन में स्थानांतरित कर दिया गया है। पुरानी इमारत का अपना इतिहास, भावना और कहानी है। जैसा कि मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा- 'यहां तक कि उस इमारत की ईंटों और दीवारों में ब्रिटिश काल से लेकर आजादी के बाद भारत के 15 प्रधानमंत्रियों के कार्यकाल तक की कहानियां और किस्से थे। पुरानी संसद लोकतंत्र की सर्वोच्च सीट के केंद्र के रूप में उभरी यह इमारत आने वाले समय के लिए अमर रहेगी।' इस जगह का नाम 'संविधान भवन' रखा गया है क्योंकि आखिरकार स्वतंत्र भारत का संविधान यहां पेश किया गया था, बहस की गई थी और उसे अपनाया गया था। जब हम बदलते हैं, अधिक आधुनिक बनते हैं, उपयोग और उपभोग करने के लिए रिक्त स्थान का विस्तार करते हैं, शाब्दिक रूप से बिल्डिंग शिफ्ट के मामले में और रूपक रूप से हमारे दृष्टिकोण और विचारों के संदर्भ में तो गंभीर वादों पर फिर से विचार करना उचित है। संविधान की प्रस्तावना में अन्य बातों के साथ-साथ यह प्रतिष्ठापित किया गया है, हम भारत के लोग, सत्यनिष्ठा से संकल्प कर रहे हैं..., अपने सभी नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए।'

4 अप्रैल 2023 को जारी तीसरी भारतीय न्याय रिपोर्ट में दर्ज किया गया कि दिसंबर 2020 तक उच्च न्यायालयों और जिला न्यायालयों में कुल 490 लाख मामले लंबित रहे। इनमें से 190,000 मामले 30 वर्षों से लंबित थे और 56 लाख मामले10 से अधिक वर्षों से लंबित हैं। इसके अलावा जेल में बंद कैदियों में से 77 प्रतिशत विचाराधीन कैदी हैं जिन्हें मुकदमों की प्रतीक्षा में हिरासत में रखा गया है। 2021 में हिरासत में बंद 88,725 विचाराधीन कैदियों ने औसतन 1-3 साल का समय हिरासत में गुजारा था। 24,033 से अधिक विचाराधीन कैदियों ने पांच साल और 11,049 ने पांच साल से अधिक समय हिरासत में बिताया। 2 अगस्त, 2022 तक सुप्रीम कोर्ट में कुल 71,411 (56,365 सिविल और 15,076 आपराधिक) मामले लंबित थे।

ये आंकड़े न्याय नहीं मिलने की एक खतरनाक तस्वीर पेश करते हैं। इसे कहने का सबसे आसान तरीका है कि 'न्याय में देरी न्याय से वंचित रखना है'। मैग्ना कार्टा की धारा 40 में कहा गया है- 'किसी को भी हम न्याय के अधिकार से इनकार या देने में देरी नहीं करेंगे।' 1948 में अपनाई गई मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा भी न्याय के अधिकार की गारंटी देती है। अत्यधिक देरी अपरिवर्तनीय दीर्घकालिक परिणाम देती है। न्याय प्रणाली में भरोसे को यह लगातार और धीरे-धीरे, चुपके से मार देता है।

देश की विभिन्न सरकारों ने फास्ट ट्रैक अदालतों, विशेष न्यायाधिकरणों, उपभोक्ता अदालतों, लोक अदालतों आदि की स्थापना जैसे कदम उठाए हैं। देरी के कारणों की भी पहचान की गई है- जैसे कि सरकार सबसे बड़ी वादी है, न्याय प्रणाली के लिए अपर्याप्त बजट, जनसंख्या के लिहाज से न्यायाधीशों का कम अनुपात, क्षमता और प्रतिबद्धता की कमी, मानदंड के रूप में स्थगन, लंबी न्यायिक प्रक्रिया, कार्य संस्कृति आदि।

शीघ्र न्याय प्रदान करने के लिए एक विशेष बुनियादी ढांचा निगम, न्याय प्रशासन की निगरानी और प्रशासनिक सुधार करने के लिए एक अलग प्राधिकरण की स्थापना, प्रशासनिक और न्यायिक कार्यों को अलग करने, सरकार के साथ सहयोग और समन्वय आदि जैसे सुझाव दिए गए हैं।

हालांकि आम वादी को न्याय भ्रामक और आर्थिक नजरिए से अवहनीय लगता है। मुकदमे के लिए पांच साल से अधिक समय से इंतजार कर रहे किसी भी व्यक्ति से मिलें तो उसके चेहरे पर जीवन और स्वतंत्रता पर अपरिवर्तनीय परिणामों का दर्द स्पष्ट दिखाई देगा। न्याय में देरी से पीड़ित लोगों की एक बड़ी संख्या प्रकारांतर से गरीब और वंचित है।

फिर भी न्याय प्रणाली में देरी कुछ लोगों के लिए आर्थिक अर्थ रखती है। उदाहरण के लिए, मुकदमे में देरी से कुछ वकीलों को लाभ होगा। इसे देखते हुए इस क्षेत्र में पुनर्विचार की तत्काल आवश्यकता है।

कहा जाता है कि आज सरकार प्राथमिकताओं के शीघ्र निष्पादन के लिए खड़ी है और 'मिशन मोड' में लक्ष्यों को आगे बढ़ाने की बात करती है। इसका एक उदाहरण सभी के लिए नल के माध्यम से पानी उपलब्ध कराने या सरकार का 'नल से जल' कार्यक्रम है।

इसी तरह न्याय प्रदान करना भी एक मिशन होना चाहिए। इस तरह के मिशन की यात्रा इस पहचान के साथ शुरू होनी चाहिए कि मामलों के निपटान में कौन, कैसे और क्या देरी करता है। देरी से निपटने के लिए, विशेष रूप से अनियमित मामलों में, अपरंपरागत तरीकों पर विचार किया जाना चाहिए। यदि आवश्यक हो तो कानूनों, संहिताओं, नियमों, विनियमों, प्रक्रियाओं में संशोधन पर विचार किया जाना चाहिए। यह संभव है। जैसा कि 'महिला आरक्षण विधेयक' के मामले में हुआ जिसे संसद के दोनों सदनों ने बिना किसी देरी के पारित कर दिया।

निपटान में तेजी लाने के लिए मामलों को श्रेणियों में अलग करना भी संभव होना चाहिए। इस तरह के वर्गीकरण के आधार पर मामलों के निपटान के लिए एक समय सीमा तय की जानी और लागू की जानी चाहिए। विभिन्न प्रक्रियाओं में विलंब के लिए जवाबदेही निर्धारित की जानी चाहिए और तेजी से कार्रवाई की जानी चाहिए। न्यायपालिका को भी इस जवाबदेही के अधीन किया जाना चाहिए।

हर जिले में कम से कम एक दर्जन मॉनिटर नियुक्त किए जा सकते हैं। उन्हें सीमित प्रशासनिक कर्मियों की मदद से कम्प्यूटरीकरण, वर्गीकरण और सुनवाई की करीबी निगरानी, साक्ष्य एकत्र करने/प्रस्तुतिकरण, तर्क और अंतिम आदेश के लेखन और वितरण के लिए सहायता प्रदान करने की आवश्यकता है। मामलों की प्रगति को उच्चतम स्तर पर ट्रैक किया जाना चाहिए और हर छह महीने में संसद में पेश किया जाना चाहिए।

एक साल से अधिक पुराने मामलों को अलग-अलग अदालतों द्वारा निपटाया जाना चाहिए और जो एक वर्ष या उससे कम पुराने हैं, वे अलग से निपटाये जाएं। इन मामलों के लिए समय सीमा न्यूनतम होनी चाहिए जो मामले के प्रकार पर निर्भर करता है। सरकार को अपने विवादों के निपटारे के लिए न्यायिक प्रणाली को बंद करने के बजाय वैकल्पिक तंत्र पर विचार करना चाहिए।

आने वाले वर्षों में बड़े पैमाने पर भर्ती, प्रशिक्षण, बुनियादी ढांचे के निर्माण आदि की आवश्यकता हो सकती है और तभी मामलों के निपटान की कवायद को आगे बढ़ाया जा सकता है। समय पर तथा कम खर्च पर न्याय प्रदान करने के साथ-साथ वास्तविकताओं और वादियों के दर्द को समझने के लिए विशेष रूप से वरिष्ठ अधिवक्ताओं से सेवा आमंत्रित की जानी चाहिए।

सुधारों का विरोध होना तय है लेकिन पूरी प्रक्रिया के लिए खुले दिमाग की जरूरत, विश्वास निर्माण के लिए सर्वदलीय सहमति, सुझावों को स्वीकार करने की इच्छा और निष्पक्षता व पारदर्शिता के हित में दिशा बदलने की आवश्यकता होगी।

जब न्याय देने की बात आती है तो अब आधे-अधूरे प्रयासों या पारंपरिक तरीकों का समय बीत चुका है। ऐसी कार्रवाई की जरूरत है जो बड़ी संख्या में पीड़ित लोगों के हित में सावधानीपूर्वक, साहसिक, त्वरित लेकिन निष्पक्ष हो लेकिन ये कानूनी प्रक्रिया को किसी भी तरह से शॉर्ट सर्किट किए बिना किए जाने चाहिए। यह किसी और काम की तरह का एक कठिन कार्य होगा, लेकिन यह कुछ ऐसा है जिसे अवश्य ही किया जाना चाहिए।

(लेखक सेबी और एलआईसी के पूर्व चेयरमैन हैं। सिंडिकेट : द बिलियन प्रेस)

> **मामलों की प्रगति को उच्चतम स्तर पर ट्रैक किया जाना चाहिए और हर छह महीने में संसद में पेश किया जाना चाहिए। एक साल से अधिक पुराने मामलों को अलग-अलग अदालतों द्वारा निपटाया जाना चाहिए और जो एक वर्ष या उससे कम पुराने हैं, वे अलग से निपटाये जाएं। इन मामलों के लिए समय सीमा न्यूनतम होनी चाहिए जो मामले के प्रकार पर निर्भर करता है।**

बीता सप्ताह

2 दिसंबर

- रायपुर में चौथा टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच आस्ट्रेलिया को 20 रनों से हराकर सीरीज जीता।
- संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने सीओपी-33 की मेजबानी का प्रस्ताव रखा।
- वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरिकुमार ने कहा कि हिन्द प्रशांत क्षेत्र में टकराव का रूप ले सकते हैं।
- रूस ने अंतरराष्ट्रीय चरमपंथी संगठन 4जीबीटी आंदोलन को प्रतिबंधित किया।

3 दिसंबर

- छत्तीसगढ़ राजस्थान, मध्यप्रदेश में और तेलंगाना में विधानसभा चुनावों के वोटों गिनती शुरु हुई।
- केंद्र सरकार के सर्वदलीय बैठक में 23 विपक्षी दल शामिल हुए। बैठक 4 दिसंबर से शुरु हो रहे शीतकालीन सत्र के सुचारू संचालन के लिए आयोजित।
- चीन के हिमालय एयरलाइंस ने नेपाल की राजधानी काठमांडु से शंघाई तक नई उड़ान सेवा शुरु की।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन सीओपी-28 प्रेसीडेंसी ने 120 से अधिक देशों ने जलवायु व स्वास्थ्य घोषणा का समर्थन किया।

4 दिसंबर

- विधानसभा चुनावों की गिनती में राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश में भाजपा को बहुमत मिला। तेलंगाना में कांग्रेस जीती।
- मिजोरम विधानसभा के लिए वोटों की गिनती शुरु हुई।
- कांग्रेस की करारी हार के बाद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दिया इस्तीफा।
- 0 फिलीपींस विश्वविद्यालय के जिम में विश्फोट होने से चार लोगों की मौत हो गई।

5 दिसंबर

- मिजोरम में राजनीतिक दल जीरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडीपीएम) ने विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत हासिल की।
- हैदराबाद के पास वायुसेना का ट्रेनी विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से दो पायलटों की मौत हो गई।
- राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने 2022 की रिपोर्ट अनुसार दिल्ली को महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित शहर बताया गया।
- भारतीय मूल के देव शर्मा ने आस्ट्रेलिया संसद में न्यू साऊथ वेतस (एनएसडब्ल्यू) के सीनेटर के तौर पर शपथ ली।

6 दिसंबर

- राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगागेंडी की हत्या कर दी गई।
- छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्यप्रदेश, मिजोरम और तेलंगाना में जारी आदर्श आचार संहिता खत्म कर दी गई।
- मिचौंग तूफान आंध्र के तट से टकराया और मचाई तबाही। 12 लोगों की मौत।
- नासा के मार्स हेलीकॉप्टर ने मंगल ग्रह पर 67 उड़ानें पूरी की।

7 दिसंबर

- मिचौंग तूफान से चैन्नई में भारी तबाही से 20 लोगों की मौत हो गई।
- राजस्थान में करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगागेड़ी हत्याकांड की जांच के लिए एसआईटी गठित की गई।
- तेलंगाना में रेवंत रेड्डी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।
- अमित शाह ने संसद में कहा कि जम्मू-कश्मीर में नेहरू की गलतियों की वजह से समस्याएं झेलीं।

8 दिसंबर

- कम दूरी की बैलिस्टिक मिलाइल अग्नि-1 का सफल प्रशिक्षण प्रक्षेपण किया गया।
- महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक अजित पवार के एनसीपी गुट में शामिल हो गए।
- कांग्रेस समर्थित छत्तीसगढ़ पांडातराई नगर पंचायत अध्यक्ष फिरोज खान अविश्वास प्रस्ताव नहीं जीत पाने से कुर्सी खो दिए।
- पेरू की संवैधानिक न्यायालय ने आदेश कर पेरू के पूर्व राष्ट्रपति फुजीमोटी को जेल से रिहा कर दिया।

चीन की अर्थव्यवस्था अभी भी कोविड सिंड्रोम से बाहर नहीं

अंजन रॉय

सबसे शक्तिशाली वैश्विक क्रेडिट एजेंसियों में से एक, मूडीज़ ने चीन के आर्थिक दृष्टिकोण को स्थिर से घटाकर नकारात्मक कर दिया है। किसी देश के वित्तीय बाज़ारों और वैश्विक निवेशकों के लिए एक विश्वसनीय गंतव्य के रूप में इसका प्रमुख निहितार्थ है।

तत्काल, यह परिवर्तन चीन के निवेश या उधार को प्रभावित नहीं कर सकता है। लेकिन दृष्टिकोण का नीचे की ओर संशोधन किसी देश के लिए प्रतिष्ठा का विषय है। इसका तात्पर्य यह है कि चीनी अर्थव्यवस्था के लिए संभावनाएं बहुत उज्ज्वल नहीं हैं और इससे चीन में नये धन का प्रवाह रुक सकता है।

चीन के वित्त मंत्रालय ने मूडी के दृष्टिकोण का विरोध किया है और बताया है कि चीन के पास वित्त का भंडार है और देश की अर्थव्यवस्था को नयी गति देने के लिए सुधार शुरू किये जा सकते हैं।

माना जाता है कि मूडीज़ ने अभी तक चीन की क्रेडिट रेटिंग में कटौती नहीं की थी। इसने अपनी सॉवरेन बॉन्ड रेटिंग के लिए ए-1 रेटिंग बरकरार रखी है, जिसका अर्थ है कि ऐसे बॉन्ड अच्छे निवेश हैं और इन्हें चुकाया जा सकता है। क्रेडिट रेटिंग में बदलाव एक संकेतक है कि संबंधित इकाई अपनी उधारी चुकाने की स्थिति में नहीं हो सकती है।

मूडी, दो वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों में से एक, जिनकी बातों को निवेशकों और ऋणदाताओं द्वारा सुसमाचार सत्य के रूप में लिया जाता है, उस दर को बहुत प्रभावित करती है जिस पर एक इकाई (जो एक वाणिज्यिक निकाय है) या एक देश उधार ले सकता है। कम रेटिंग स्पष्ट रूप से उच्च ब्याज दर को आकर्षित करेगी।

> **क्षमता के कृत्रिम निर्माण के माध्यम से अर्थव्यवस्था को हमेशा के लिए बढ़ावा देने के इन चीनी अधिकारियों के मौलिक दृष्टिकोण के किसी न किसी समय समस्या में पड़ना तय है। यही कारण है कि चीन की उच्च विकास अवधि फिलहाल खत्म हो गई है, लेकिन भारत से काफी ऊपर अपना स्थान बरकरार रखते हुए दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा।**

मूडीज़ के लिए निकट भविष्य में चीन के दृष्टिकोण को संशोधित करने के लिए तात्कालिक उकसावे की वजह कुछ समय से देखे गये कई प्रतिकूल रुझान हैं। सबसे महत्वपूर्ण कारक चीन के संपत्ति बाजार में गहरी गिरावट और देश के वित्तीय स्वास्थ्य पर इसका प्रभाव है।

इस प्रकार, अर्थव्यवस्था की समग्र वृद्धि धीमी हो गई है। चीन दशकों से 8 प्रतिशत या उससे ऊपर की दर से दुनिया को पछाड़ते हुए आगे बढ़ रहा था। कथित तौर पर तेज़ गति वाले विकास ने करोड़ों लोगों को अत्यंत गरीबी से उठाकर आर्थिक कल्याण की ओर अग्रसर किया है। मध्यम वर्ग में वृद्धि हुई है और यह दुनिया में सबसे बड़े में से एक है।

हालांकि, महामारी के बाद से अर्थव्यवस्था धीमी हो रही है। देश के सर्वोच्च नेता शी जिनपिंग के निर्देशन में लगाये गये कठोर लॉक-डाऊन ने वस्तुत: सभी क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों का गला घोंट दिया था। इसने कई क्षेत्रों को पंगु बना दिया था और मानवीय लागत बहुत अधिक थी। विभिन्न प्रांतों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के बाद ही शीर्ष नेताओं ने नुकसान की सीमा को देखा और कुछ सुधारात्मक कदम उठाये गये।

लेकिन फिर, बंदी की सख्ती जितनी ही अचानक और हैरान करने वाली बात रही उसे खोलना। सभी प्रतिबंधों को अचानक वापस लेने और सावधानीपूर्वक तैयार किये गये अलगाव के परिणामस्वरूप कोविड मामलों में ताजा उछाल आया। कोविड से शुरुआती मौतों के साथ-साथ प्रतिबंध खुलने के बाद हुई मौतों ने देश की अर्थव्यवस्था पर भारी कीमत चुकाई।

व्यक्तियों के कुछ मामलों की तरह, चीन भी लंबे समय से चल रहे कोविड के दुष्प्रभावों से पीड़ित है। कोविड की अधिकता से दीर्घकालिक प्रभाव के लक्षण स्पष्ट हैं। महामारी के तुरंत बाद 8 प्रतिशत और उससे अधिक की वृद्धि दर बीच में 3.5प्रतिशत से भी कम हो गई है। लेकिन अब, रुक-रुक कर ही सही, विकास फिर से शुरू हो रहा है।

मूडीज़ ने अनुमान लगाया है कि चीन 2024 और 2025 दोनों में लगभग 4 प्रतिशत और 2026 से 2030 तक प्रति वर्ष औसतन 3.8 प्रतिशत की वृद्धि करेगा। कमजोर जनसांख्यिकी सहित संरचनात्मक कारक, 2030 तक संभावित विकास में लगभग 3.5प्रतिशत की गिरावट ला सकते हैं। आधिकारिक तौर पर, चीन को चालू वर्ष के दौरान 5 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है।

विकास में अचानक गिरावट का मतलब घरेलू मांग को झटका है। वैश्विक सुस्ती और प्रतिकूल भू-राजनीतिक माहौल के कारण निर्यात में मजबूत वृद्धि के अभाव में, चीन घरेलू खपत मांग में बढ़ोतरी की उम्मीद कर रहा था और इस तरह घरेलू मांग में बढ़ोतरी होगी। अपनी नयी रणनीति में, उसे निर्यात में गिरावट की भरपाई करनी चाहिए थी। हालांकि, वास्तव में ऐसा नहीं हो रहा है। चीनी अर्थव्यवस्था के एक महत्वपूर्ण क्षेत्र में मांग अचानक कम हो गई है।

रियल एस्टेट और आवास निर्माण उद्योग देश की अर्थव्यवस्था का लगभग एक तिहाई हिस्सा था। अतीत में देखा गया भारी निर्माण उछाल घरेलू अर्थव्यवस्था को सीमेंट, स्टील, अन्य निर्माण सामग्री से लेकर बिजली के सामान से लेकर फर्नीचर जैसे क्षेत्रों तक हर चीज की अतिरिक्त मांग के साथ बढ़ावा दे रहा है।

वर्षों से, चीन ने देश भर में नये कस्बे और शहर बनाये हैं। वास्तव में, जब से चीनी अर्थव्यवस्था खुली है और उसने अपना महत्वाकांक्षी सुधार कार्यक्रम शुरू किया है, तब से अर्थव्यवस्था में तेजी आई है। बढ़ते शहरीकरण और घर की खरीद ने चीन के उद्योग के एक बड़े क्षेत्र के लिए स्नेहक के रूप में काम किया।

लेकिन, नये घर और व्यावसायिक संपत्ति खरीदने की एक सीमा है। नये शहरों से आवासीय मकान खाली पड़े होने की खबरें आ रही हैं। देश में चारों तरफ भुतहा शहर और खाली आवास सम्पदाएं हैं। यह एक ऐसा मामला था जहां एक ही आर्थिक विकास ट्रिगर का वर्षों से अत्यधिक दोहन किया गया है।

ऊंची उड़ान भरने वाले रियल एस्टेट और निर्माण उद्योगों की एक श्रृंखला चल पड़ी है। जैसे-जैसे रियल एस्टेट की कीमतें नीचे गिरीं अतिरिक्त आवास और वाणिज्यिक संपत्ति स्टॉक के दबाव में, सबसे बड़े डेवलपर्स दबाव में आ गये। इनमें से सबसे बड़ी कंपनी, कंट्री गार्डन में भुगतान संबंधी समस्याएं थीं और वह प्रतिबद्धताओं का पालन नहीं कर सकी। कुछ अन्य ने भी इसका अनुसरण किया।

उनकी विफलताओं के परिणामस्वरूप पूरे प्रांतों में व्यापक विरोध प्रदर्शन और धरने हुए। एक तानाशाही शासन के लिए ऐसे तमाशे घृणित थे। इनमें से कई प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हटा दिया या सार्वजनिक प्रदर्शन से दूर कर दिया। बहरहाल, इन्होंने अपनी छाप छोड़ी और अर्थव्यवस्था में विश्वास को और बढ़ाया। आवास और रियल एस्टेट क्षेत्रों में संकट के कारण बड़े क्षेत्रों में व्यापक क्षति हुई।

चीन में एक विशाल गैर-बैंकिंग वित्तीय क्षेत्र है, जिसे 'शैडो बेकिंग सेक्टर' कहा जाता है। ये भारत की बड़ी एनबीएफसी की तरह, कुछ हद तक अनौपचारिक प्रकृति की हैं और समग्र मिल को गति प्रदान करती हैं। वे उपभोक्ताओं के साथ-साथ अन्य कॉरपोरेट्स को भी वित्त प्रदान करते हैं।

इनमें से कई चीनी एनबीएफसी का रियल एस्टेट और हाउसिंग सेक्टर में बड़ा निवेश है। वे बड़े संपत्ति शेयरों के समग्र खरीदार होने के साथ-साथ संपत्ति क्षेत्र के कॉरपोरेट्स के धन प्रदाता भी हैं। संपत्ति कंपनियों में परेशानी का मतलब एनबीएफसी या बैंकिंग क्षेत्र के लिए परेशानी है। पिछले हफ्ते ही चीन की सबसे बड़ी एनबीएफसी डूब गई थी।

पूरी स्थिति वित्तीय क्षेत्र के संकट के निर्माण में बदल रही है। सच कहें तो वित्तीय क्षेत्र का संकट सबसे बुरा सपना है क्योंकि इन वित्तीय क्षेत्र की संस्थाओं का पूरी अर्थव्यवस्था में जुड़ाव है। यदि वित्तीय क्षेत्र संकट में है, तो ये वास्तविक अर्थव्यवस्था में काफी तेजी से प्रसारित होते हैं।

संकटग्रस्त आवास और रियल एस्टेट क्षेत्रों ने चीनी स्थानीय सरकारों और नगर पालिकाओं से नयी ज़मीनें खरीदना बंद कर दिया है। ये निकाय इन बिल्डरों और नयी टाऊनशिप के प्रमोटरों को भूमि स्टॉक की बिक्री पर बहुत अधिक निर्भर थे। एक बार जब नगर पालिकाओं और स्थानीय निकायों के लिए भूमि की बिक्री से धन का स्रोत समाप्त हो गया, तो उनका वित्त अवरुद्ध हो गया है।

केंद्र सरकार ने संकटग्रस्त रियल एस्टेट कंपनियों के साथ-साथ स्थानीय सरकारों को संकट से उबारने के लिए कई बचाव उपाय प्रस्तावित किये हैं। इसका मतलब है कि सरकार की राजकोषीय स्थिति और अधिक सुदृढ़ हो सकती है।

वास्तव में, मूडीज़ द्वारा आर्थिक दृष्टिकोण को डाऊनग्रेड करने के लिए उद्धृत कारणों में से एक चीनी संघीय सरकार की राजकोषीय स्थिति के लिए संभावित खतरा है। लेकिन फिर, जैसा कि चीनी वित्त मंत्रालय ने दावा किया है, उसके पास एक विशाल खजाना है। यह मौजूदा संकट से निपटने के लिए नये सुधार लाने और रियल एस्टेट कंपनियों को भारी मात्रा में धनराशि जारी करने का वायदा कर रहा है। हो सकता है, ये सच हो।

लेकिन क्षमता के कृत्रिम निर्माण के माध्यम से अर्थव्यवस्था को हमेशा के लिए बढ़ावा देने के इन चीनी अधिकारियों के मौलिक दृष्टिकोण के किसी न किसी समय समस्या में पड़ना तय है। यही कारण है कि चीन की उच्च विकास अवधि फिलहाल खत्म हो गई है, लेकिन भारत से काफी ऊपर अपना स्थान बरकरार रखते हुए दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा।

पांच राज्यों के चुनाव परिणाम : नतीजों के निहितार्थ

कुमार प्रशांत

कभी जादूगर का खेल देखा है? राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जादूगर के बेटे हैं, लेकिन जादू दिखा कोई दूसरा रहा है। पांच राज्यों में हुआ चुनाव ऐसी जादूगरी का नमूना है। अब जब चुनावी धूल बैठ चुकी है, घायल अपने घावों की साज-संभाल में लगे हैं, विजेता अपनी जीती कुर्सियां झाड़-पोंछ रहे हैं, हम जादू के पीछे का हाल देखने-समझने की कोशिश करें।

मोदी-शाह ने जिस नई चुनावी-शैली की नींव 2014 से डाली है उसकी विशेषता यह है कि न उसका आदि है, न अंत ! यह सतत चलती है। चुनाव की तारीख घोषित होने पर चुनावी-मुद्रा में आना, चुनाव की तारीख तक चुनाव लड़ना और फिर जीत-हार के मुताबिक अपना-अपना काम करना-ऐसी आरामवाली राजनीति का अभ्यस्त रहा है यह देश, इसके राजनीतिक दल! मोदी-शाह मार्का राजनीति इसके ठीक विपरीत चलती है। वह तारीखें देखकर नहीं चलती, नई तारीख़ें गढ़ती है। चुनावी सफलता की तराजू पर तौलकर वह अपना हर काम करती है।

उनके लिए चुनाव वसंत नहीं है कि जिसका एक मौसम आता है; यह बारहमासी झड़ी है। उनके लिए विदेश-नीति भी चुनाव है, यूक्रेन-फिलीस्तीन-गजा-इजरायल भी और पाकिस्तान भी चुनाव है; जी-20 भी चुनाव है; खेल व खिलाड़ी भी चुनाव हैं; चंद्रयान भी चुनाव है; सरकारी तंत्र व धन भी चुनाव के लिए है। उनके लिए जनता भी एक नहीं, कई हैं जिनका अलग-अलग चुनावी इस्तेमाल है।

> **इस बार पांच राज्यों के चुनाव को 2024 के बड़े चुनाव का पूर्वाभ्यास करार दिया गया था। कांग्रेस ने हिसाब लगाया कि कहां-कहां 'लंबी सत्ता का जहर' भाजपा को मार सकता है, कहां-कहां हमारी सरकार का 'अच्छा काम' हमें फायदा दे सकता है। कांग्रेस की नजर इस पर भी थी कि चुनाव का परिणाम ऐसा ही होना चाहिए कि 'इंडिया' में डंडा हमारे हाथ में रहे। यह गणित बुरा भी था, अपर्याप्त भी।**

मार्च 2018 में प्रधानमंत्री ने जनता का एक नया वर्ग पैदा किया था : विकास के लिए प्रतिबद्ध जिले! 112 जिलों की सूची बनी। ये जिले ऐसे थे जिनके विकास की तरफ कभी विशेष ध्यान नहीं दिया गया था। जो बड़े राजनीतिक पहलवान हैं वे अपने व अपने आसपास के चुनाव क्षेत्रों के लिए सारे संसाधन बटोरने में मग्न रहते हैं। नये चुनाव क्षेत्रों का सर्जन किसी के ध्यान में भी नहीं आता। मोदीजी ने अपनी रणनीति में इसे शामिल किया और 112 जिलों की सूची बना दी।

किसी ने नहीं समझा कि यह चुनाव की नई कांस्टीट्यूएंसी तैयार करने की योजना है। इन जिलों में से 26 जिले ऐसे थे जो मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान तथा तेलंगाना के 81 चुनाव-क्षेत्रों में फैले थे। ये सभी अधिकांशत: आदिवासी व अन्य पिछड़े समुदायों के इलाके थे। पहली बार इन इलाक़ों को लगा कि कोई है जो इनका अस्तित्व मानता ही नहीं, बल्कि उन्हें आगे भी लाना चाहता है।

यहां विकास की क्या कोशिशें हुईं उनकी समीक्षा का यह मौका नहीं है। मौका है यह समझने का कि इन 81 चुनाव क्षेत्रों में भाजपा ने इस बार कांग्रेस को कड़ी टक्कर लगाई। 2018 में जहां इन क्षेत्रों में भाजपा ने बमुश्किल 23 सीटें जीतीं थीं, 2023 में उसने यहां 52 सीटें जीती हैं- पिछले के मुकाबले दोगुने से ज्यादा। यह अपने लिए नये चुनावी आधार गढ़ने की योजना का एक हिस्सा था। 'स्मार्ट सिटी योजना,' अलग-अलग समूहों को नकद सहायता की लगातार घोषणा आदि सब चुनाव के नये कारक हैं जिनके जनक मोदीजी हैं।

इस बार पांच राज्यों के चुनाव को 2024 के बड़े चुनाव का पूर्वाभ्यास करार दिया गया था। कांग्रेस ने हिसाब लगाया कि कहां-कहां 'लंबी सत्ता का जहर' भाजपा को मार सकता है, कहां-कहां हमारी सरकार का 'अच्छा काम' हमें फायदा दे सकता है। कांग्रेस की नजर इस पर भी थी कि चुनाव का परिणाम ऐसा ही होना चाहिए कि 'इंडिया' में डंडा हमारे हाथ में रहे। यह गणित बुरा भी था, अपर्याप्त भी।

जब एक जादूगर अपने हैट से नये-नये खरगोश निकालकर दिखा रहा हो तब मजमा उस नट को कैसे देखता रह सकता है जिसे तनी हुई रस्सी पर संतुलन साधने का एक ही खेल आता है? और वह भी ऐसा कि संतुलन बार-बार डगमगाता भी रहता है! कांग्रेस राष्ट्रीय दल है तो सही, लेकिन उसके पास राष्ट्रीय सत्ता नहीं है; जो सत्ता है उसे भी वह संभाल नहीं पा रही है। उसके पास राष्ट्रीय पहचान व कद का एक ही नेता है जिसका नाम है-राहुल गांधी !

राहुल गांधी की जानी-अनजानी बहुत सारी विशेषताएं होंगी, लेकिन देश जो देख पा रहा है वह यह है कि वे अब तक राजनीतिक भाषा का ककहरा भी नहीं सीख पाए हैं; उनके पास वह राजनीतिक नजर भी नहीं है जो चुनावी विमर्श के मुद्दे खोज लाती है। कांग्रेस में दूसरा कोई पंचायत स्तर का नेता भी नहीं है। कांग्रेस के पास उसका कोई शाह, कोई योगी, कोई शिवराज, कोई हेमंता नहीं है; वह किसी को बनने भी नहीं देती।

दूसरी तरफ भाजपा है। उसके पास भी एक ही 'राहुल' है- नरेंद्र मोदी! उनके पास हर मौसम की भाषा है, गिद्ध-सी वह राजनीतिक नजर है जो हर मुद्दे को अपने हित में इस्तेमाल करने की चातुरी रखती है। उनका कद इतना बड़ा 'बनाया' गया है कि उसे कोई छू नहीं सकता। फिर नीचे कई नेता है जिनका अपना आभा मंडल है। इन सबके साथ है, एक परिपूर्ण प्रचार-तंत्र, एक परिपूर्ण धन-तंत्र तथा एक परिपूर्ण मीडिया-तंत्र। कांग्रेस का सबसे बड़ा नेता कांग्रेसियों की नजर में भी पर्याप्त नहीं है; भाजपा का नेता भाजपाइयों की नजर में राजनीतिक नेता ही नहीं, अवतार भी है। दोनों का मुकाबला बहुत बेमेल हो जाता है।

'इंडिया' के घटक जानते हैं कि कांग्रेस के कारण ही वे 'इंडिया' हैं, लेकिन वे जो जानते हैं, वह मानते नहीं हैं। इसलिए कोई बंगाल को तो कोई उत्तरप्रदेश को तो कोई तमिलनाडु को तो कोई 'बिहार' को 'इंडिया' मानकर चलता है। इस तरह सब बिखरी मानसिकता से एक होने की कोशिश करते हैं। यह असंभव की हद तक कठिन काम है। 2014 से लेकर अब तक भाजपा की रणनीति यह रही है कि वह अपना राजनीतिक आधार बनाने व बढ़ाने के लिए वक्ती नफा-नुकसान का हिसाब नहीं करती।

राजनीति संभव संभावनाओं का खेल है। 2023 फिर से बताता है कि संभव संभावनाओं में असंभव संभावना छिपी होती है। भाजपा वैसी संभावनाओं को पकड़ने की हर संभव कोशिश कर, असंभव को साधती आ रही है। दूसरे संभव को असंभव बनाने के खेल से बाहर ही नहीं आ पाते। क्या 2024 इसी कहानी को दोहराएगा? देखना है कि कौन नये खरगोश बना व दिखा पाता है।

(लेखक गांधी शांति प्रतिष्ठान के अध्यक्ष हैं।)

बेतवा- पार्वती अंचल

सार-समाचार

सावित्री महिला मंडल ने किया नवनिर्वाचित विधायक का स्वागत

गंजबासौदा, देशबन्धु। नवनिर्वाचित विधायक हरि सिंह रघुवंशी बड़्डा के निवास पर सावित्री महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी शर्माआंगनवाड़ी कार्यकर्ता ब्लॉक अध्यक्ष क्रांति भदोरिया ने हार फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शशि शर्मा, अनीता खरे, ज्योति शर्मा, रेखा, विश्वकर्मा, पवित्रा, मंजू लता, विजयलक्ष्मी व्यास सरोज भावसार, विमलागोप, सुलेखा पंथी सहित कई महिलाएं शामिल हुई।

पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन

रायसेन, देशबन्धु। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस.पी. कोरी ने बताया कि महाविद्यालय में जिला चिकित्सालय रायसेन व एचडीएफसी बैंक द्वारा शुक्रवार को बल्ड डोनेषन कैंम्प का आयोजन किया गया, जिसमें संस्था के अधिक से अधिक विद्यार्थियों ने एवं स्टॉफ ने अपना ब्लड डोनेट किया।

यादवेन्द्र सिंह के विधायक बनने पर समर्थकों ने निकाला जुलूस

टीकमगढ़, देशबन्धु। पूर्व मंत्री यादवेन्द्र सिंह की विधानसभा चुनाव के दौरान शानदार जीत का जश्न मनाने के बाद आज उनके समर्थकों ने शहर में भव्य जुलूस निकाला। इस दौरान बाजार सहित सारे शहर में लोगों ने श्री सिंह का जहां भव्य स्वागत किया, वहीं श्री सिंह ने भी शहर की जनता के प्रति आभार जताया। इस दौरान नगर की सड़कों पर युवाओं ने जमकर डांस किया और डीजे की धुनों पर युवा थिरकते नजर आए। यह जुलूस अंत में गांधी चौराहे पर आकर सभा के साथ समाप्त हुआ। इस दौरान पूर्व मंत्री एवं नव निर्वाचित विधायक यादवेन्द्र सिंह ने शहरवाासियों के साथ ही गांव-गांव से आए लोगों का आभार व्यक्त किया। बताया गया है कि श्री सिंह ने निज निवास तालदरवाजा से जुलूस आरंभ हुआ। जुलूस वहां से तालदरवाजा होते हुए स्थानीय कटरा बाजार पहुंचा। जहां यह विजय रथ रैली नगर के सर्राफा मार्केट, नजाई मार्ग, सिंधी धर्मशाला, सैल सागर होते हुए गांधी चौराहा पहुंची। इस दौरान लोगों ने भव्य स्वागत किया। स्थानीय गांधी चौराहे पर सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष नवीन साहू ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

जिले में इसी माह प्रारंभ होगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

- कलेक्टर ने यात्रा की तैयारियों के लिए अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

रायसेन, देशबन्धु। शासन के निर्देशानुसार माह दिसम्बर 2023 के द्वितीय पखवाड़े से आगामी 31 जनवरी 2024 तक सम्पूर्ण प्रदेश सहित रायसेन जिले में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर अरविंद दुबे ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक सह वीडियो कॉफ्रेंस में जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन के संबंध में चर्चा करते हुए यात्रा के सफल आयोजन हेतु अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर दुबे ने सभी एसडीएम सहित अन्य अधिकारियों से कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले की सभी ग्राम पंचायतों में पहुचेंगी। इसके लिए रूट चार्ट तैयार कर लिया जाए। साथ ही इसका दीवार लेखन, मुनादी आदि माध्यमों से समुचित प्रचार-प्रसार भी किया जाए। विकसित भारत संकल्प यात्रा में स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा नागरिकों की अधिक से अधिक सहभागिता हो, यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर दुबे ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा एक दिन में दो ग्राम पंचायतों में पहुंचेगी। ग्राम पंचायतों, नगरों में यात्रा के पहुंचने पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिनमें केन्द्र सरकार की आयुष्मान भारत, पीएमजेएवाई, प्रधानमंत्री बालिका कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास ग्रामीण, पीएम उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान, किसान क्रेडिट कार्ड, जल जीवन मिशन सहित अनेक योजनाओं की जानकारी नागरिकों को दी जाएगी। साथ ही पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के हितलाभ भी वितरित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त पूर्व में लाभान्वित हो चुके हितग्राहियों द्वारा योजना का लाभ पाकर उनके जीवन में आए बदलाव, अनुभव भी सांझा किए जाएंगे। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में अनिवार्य रूप से स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर दुबे द्वारा संबंधित जिला अधिकारियों, सभी एसडीएम, जनपद सीईओ सहित अन्य अधिकारियों को जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन हेतु तैयारियां प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर अभिषेक दुबे सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे। वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से अनुभागों से एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ सहित अन्य खण्ड स्तरीय अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए।

व्यापारी मनमाने तरीके से बेच रहे शराब

शराब दुकानों पर न कीमत की सही जानकारी, न नियमों का हो रहा पालन

सिलवानी, देशबन्धु। तहसील में धड़ल्ले से महंगी शराब बेची जा रही है ना ही शासन का डर है ना ही प्रशासन का। सिलवानी में दो दुकानों की स्थिति कुछ ऐसे ही हैं। एक दुकान सिलवानी- सुल्तानगंज मार्ग पर और एक सिलवानी -उदयपुरा मुख्य मार्ग पर है। सिलवानी-उदयपुरा मार्ग वाली दुकान पर हमेशा अत्याधिक भीड़ रहती है लोग मुख्य मार्ग पर ही वाहन पार्क करके जाते है जिससे यहां हमेशा ट्रैफिक रहता है एवं आने जाने वाले राहगीरों को अत्यंत परेशानी का सामना करना पड़ता है। नियमों को तक पर रखकर शराब व्यापारी द्वारा शराब बेची जा रही है। शासन प्रशासन द्वारा नियम बनाया गया है कि मंदिर से 100 मीटर की दूरी पर शराब की दुकान ना हो लेकिन शराब व्यापारी ने इस नियम को भी धता दिखा दिया है। सिलवानी का एक प्रमुख अनघड़ हनुमान मंदिर से मात्र 50 मीटर की दूरी पर शराब की दुकान स्थित है वही स्कूल से मगह कुछ ही दूरी पर शराब का ठेका बनाया गया है जिसको लेकर भी कई बार आपत्ति दर्ज की गई लेकिन प्रशासन उसके प्रति भी अनभिज्ञ दिखाई दे रहा है। सबसे बड़ी बात सिलवानी में एक ठेका नाया गया है वह जिसको सेकंड दुकान का दर्जा दिया गया है वह बेगमा पंचायत में है जबकि उसकी जो दुकान का लाइसेंस है सिलवानी के नाम से है लेकिन जिसकी दुकान बेगमा पंचायत के अंदर संचालित की जा रही है वहीं जहां सरपंच एवं सचिव से भी जानकारी ली गई है तो पता चला है कि उनके द्वारा भी किसी प्रकार की कोई अनुमति नहीं दी गई है। इसके बाद भी दुकान संचालित की जा रही है जो कि नियम के विरुद्ध है। इन सबको लेकर कई बार स्थानीय रहवासियों ने अधिकारियों से भी बात की गई लेकिन उन्होंने वही रटा जवाब देकर की इस मामले को दिखाकर जांच करवाते हैं लेकिन आज दिनांक तक ना तो जांच हुई ना ही कार्रवाई हुई।

रामलीला महोत्सव की तैयारियां शुरू, लग रहे आकर्षक झूले

रायसेन, देशबन्धु। हर वर्ष की भांति इस बार भी रायसेन के ऐतिहासिक श्री रामलीला महोत्सव को लेकर रामलीला मेला आयोजन समिति द्वारा रामलीला मैदान में आयोजन को लेकर व्यापक तैयारी करना शुरू कर दिया है। रामलीला मैदान में विभिन्न प्रकार के झूले भी आ गए हैं जिन्हें स्थापित करने का काम तेज गति के साथ चल रहा है।

इस बार भी इस बार भी श्री रामलीला मेला आयोजन के लिए स्थानीय कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन श्री रामचरितमानस के आधार पर किया जाएगा कलाकारों द्वारा रामलीला में शानदार अभिनय किया जाएगा संगीत में लीला करने के लिए कलाकारों ने भी अपनी ओर से तैयारी शुरू कर दी है। आयोजन को लेकर बच्चों में विशेष कर भारी उत्साह देखने में आ रहा है। रायसेन के रामलीला मेला का इतिहास 102 साल पुराना है नवाबी शासनकाल से लेकर अभी तक इस आधुनिक दौर में भी रायसेन का रामलीला महोत्सव जिले भर में चर्चा का विषय बना हुआ है। आगामी समय में यहां दूरदराज क्षेत्र से दुकानदार भी अपनी विभिन्न प्रकार की दुकान लेकर मेले में आएंगे। रामलीला का आयोजन प्रतिवर्ष मंच एवं मैदानी रूप से संपन्न किया जाता है जो की हजारों दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र होता है। रायसेन की रामलीला दूर-दूर तक प्रसिद्ध हो चुकी है रामलीला मेला आयोजन को लेकर सनातन धर्म प्रेमियों में भी गजब का उत्साह देखा जा रहा है। रायसेन के रामलीला महोत्सव की एक विशेष बात यह है कि यहां एकता एवं भाईचारे की अनूठी मिसाल रामलीला मेले में देखने को मिलती है। रामलीला मेले में सभी जाति वर्ग विशेष के लोग मेले का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में आते हैं, रामलीला मेले की बड़ी विशेषता है।

एलबीएस कॉलेज में हुई कार्यशाला, एड्स को लेकर किया जागरुक

Theme- Let Communities Lead
14 MP BATTALION NCC
WORLD AIDS DAY
द्वारका वुमन चाइल्ड केयर सोसायटी
लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना
"Lets Communities Lead"
विश्व एड्स दिवस
MPSACS

गंज बासौदा, देशबन्धु। एलबीएस कॉलेज में विश्व एड्स दिवस पखवाड़े के अंतर्गत एनसीसी और एनएसएस के एवं रेड रिबन क्लब के तत्वाधान में एक कार्यशाला का आयोजन वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले के मुख्य आतिथ्य में एनसीसी के अधिकारी काका साहेब मतकरी एनएसएस के प्रभारी मनोज सक्सेना, एनसीसी कैप्टन निधि शर्मा ,एनसीसी अधिकारी मनीष, समाज सेवी विजय अरोड़ा संपूर्ण सुरक्षा केंद्र की टीम मैनेजर अंकिता शर्मा द्वारा चाइल्ड वूमेन समिति के उद्देश्य विश्वकर्मा एड्स काउंसलर प्रवेंद्र रघुवंशी यासमीन खान राखी शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में संपन्न हुई। जिसमें प्रारंभ में अंकिता शर्मा ने आयोजन की रूपरेखा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि एड्स से डरना नहीं समझना होगा। जिले के पूरे महाविद्यालय में एवं विद्यालयों में जन जागरण अभियान चलाया जाएगा जिसमें छात्र-छात्राओं को इस बीमारी से बचने के उपाय के बारे में विस्तार से जानकारी दी। समाजसेवी सुनील बाबू ने कहा कि इस के कारण शरीर की प्रतिरोधक क्षमता काम हो जाती है फल स्वरुप मनुष्य को अनेक रोगों से ग्रसित हो जाता है। उन्होंने कहा कि इस रोग से विश्व में 3 करोड़ 9 लाख लोग ग्रसित हैं वहीं लगातार जन जागरण की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने इसके बचाव के तरीके भी बतलाएं उद्देश्य विश्वकर्मा एवं पृवेंद रघुवंशी ने असुरक्षित यौन संबंध एवं संक्रामक संक्रमित सुई के कारण यह रोग हो सकता है। कार्यक्रम का संचालन एनसीसी अधिकारी कैप्टन निधि शर्मा ने किया। इस अवसर पर एलबीएस महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य पीयूष दुबे सहित प्राध्यापक पूनम तिवारी ,प्रियंका सोनाक्षी चौरसिया ,अदिति सहित महाविद्यालय का पूरा स्टाफ उपस्थित रहा एनएसएस के प्रभारी मनोज सक्सेना ने आमंत्रित अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया और छात्र-छात्राओं ने टीम मैनेजर अंकिता शर्मा से अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया।

बाईक सवार की मौके पर मौत, महिला गंभीर

पलेरा, देशबन्धु। स्थानीय नगर क्षेत्र में वाहन चालकों की तेज रफ्तार धीमी होने का नाम नहीं ले रही है। बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को लेकर नागरिकों में चिंता देखी जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय नगर से 2 किलो मीटर की दूरी पर स्थित जतारा-पलेरा मार्ग के पटपरा तिगैला पर एक मोटर साइकिल तेज़ रफ़्तार चार पहिया वाहन से टकरा गई। इस घटना में मोटरसाइकिल पर सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इसके अलावा मोटरसाइकिल पर बैठी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद स्थानीय नागरिकों ने उक्त घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल हुई महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। इस भीषण सड़क दुर्घटना में मृतक एवं गंभीर रूप से घायल महिला बैरवार गांव के बताए जा रहे हैं।

पाइप लाइन बिछाने खोदी सड़कें अब दलदल में तब्दील

सांची, देशबन्धु। नगर की जर्जर सड़कों की किस्मत तब खुली थी जब इस स्थल से राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरा था तब विभाग ने सड़कों को पक्का एवं चौड़ी कर दुर्घटना से बचाव के लिए छोटे वाहन एवं पैदल चलने वालों के लिए सर्विस रोड निर्माण कराये थे परंतु इस स्थल पर पाइप लाइन बिछाने के नाम पर सड़कों को बीचोंबीच खोद डाला गया जिससे पक्की सड़क तहस-नहस हो गई एवं पानी गिरते ही सड़कों पर दल-दल जैसी स्थिति बनने लगी।

वैसे भी इस स्थल से गुजरी सड़क पर कम एवं लंबी दूरी के छोटे बड़े वाहनों की संख्या हजारों में पहुंच गई है तथा राष्ट्रीय राजमार्ग होने के कारण वाहनों की रफ्तार भी तेज रहती है इससे पैदल चलने वाले एवं छोटे वाहनों को अनहोनी से बचाव के लिए निर्माण एजेंसी द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर सर्विस रोड निर्मित किए गए थे जिससे हजारों की संख्या में छोटे वाहन सुरक्षित इन सर्विस रोड पर चलते चले आ रहे थे परन्तु अब इस स्थल पर पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू कर दिया गया एवं पहले बसस्टैंड परिसर की सड़कों की खुदाई कर पाइप लाइन बिछाई गई। अब राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू किया गया तब इस पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़कों को बीचोंबीच खुदाई कर पाइप लाइन बिछाई जा रही है जबकि सर्विस रोड किनारे से भी पाइप लाइन बिछाई जा सकती थी बावजूद इसके पक्की सड़कें तहस-नहस हो चुकी है तथा सड़कों पर राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग द्वारा लगाई गई करोड़ों रुपए की राशि को पाइप लाइन निर्माण एजेंसी ने चूना लगा दिया जिसका खामियाजा लोगों को भुगतने पर मजबूर होना पड़ रहा है। हाल ही में मावठे की बारिश से पक्की सड़क दल-दल बन उठी थी अब राष्ट्रीय राजमार्ग को पाइप लाइन निर्माण एजेंसी लगातार तहस-नहस करने पर तुली हुई है इस ओर न तो प्रशासन न ही शासन न ही राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण विभाग को ही सुध लेने की फुर्सत मिल सकी है। हालांकि इन सड़कों को साफ-सुथरा बनाये रखने का काम नगर परिषद प्रशासन के जिम्मे है।

भीतरघात करने वालों पर भाजपा संगठन सख्त, कार्रवाई की तैयारी

- जिला भाजपा अध्यक्ष ने बनाई जिला स्तरीय सहित चारों विधानसभा क्षेत्र के लिए अनुशासन समितियां

रायसेन, देशबन्धु। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा ने जिला स्तरीय सहित जिले की चारों विधानसभा क्षेत्र के लिए अनुशासन समितियां बनाई है। यह समितियां अभी हाल ही में संपन्न हुए प्रदेश के विधानसभा चुनाव में भीतरघात करने वाले कार्यकर्ताओं तथा पदाधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करेगी। इसके अलावा प्रदेश नेतृत्व को भी अवगत कराया जाएगा। इस संबंध में जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया कि भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव में अनुशासनहीनता बरतते हुए कार्य किया है ऐसे कार्यकर्ताओं पर पार्टी की ओर से सख्त कार्रवाई की जाएगी, इसके लिए हमने जिला स्तरीय अनुशासन समिति एवं चारों विधानसभा क्षेत्र सांची, भोजपुर, सिलवानी एवं उदयपुरा विधानसभा स्तरीय अनुशासन समितियो का गठन किया है जिनमें पांच-पांच पदाधिकारी को सम्मिलित किया गया है अनुशासन समिति के पदाधिकारी चारों विधानसभा क्षेत्र में आंकलन करते हुए पार्टी विरोधी काम करने वालों और भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ कार्य करने वालों की सूची बनाकर अवगत कराएगी।

इसके अलावा भाजपा के सभी विधायक भी अनुशासनहीनता और चुनाव के दौरान खिलाफ में काम करने वालों की शिकायत सीधे प्रदेश नेतृत्व को कर सकेंगे, ताकि अनुशासनहीनता करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जा सके। शर्मा ने बताया कि अनुशासनहीनता करने वाले भाजपा के पदाधिकारी हो या कार्यकर्ता कोई भी हो पार्टी प्रत्याशियों के खिलाफ बगावत कर अनुशासनहीनता बरतने वालों पर शीघ्र ही कार्रवाई की जाएगी।

भाजपा कार्यालय के मीडिया प्रमुख एवं सांची विधानसभा मीडिया प्रभारी सी एल गौर ने बताया कि जिला भाजपा अध्यक्ष शर्मा द्वारा जो जिला स्तरीय अनुशासन समिति का गठन किया है उसमें वरिष्ठ भाजपा नेता हरनाम सिंह राजपूत बरेली को जिला संयोजक बनाया गया है, इनके अलावा राकेश तोमर रायसेन को सहसंयोजक, सुरेंद्र तिवारी बाड़ी, विष्णु रावत सिलवानी , प्रहलाद सिंह लोधी उदयपुरा को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

विधानसभा स्तरीय अनुशासन समिति सिलवानी: विधानसभा स्तरीय अनुशासन समिति सिलवानी में रमाकांत शुक्ला सिलवानी को संयोजक एवं बलराम सिंह ठाकुर बेगमगंज को सह संयोजक बनाया गया है, वही सुरेश ताम्रकार बेगमगंज, अजब सिंह लोधी खजुरिया, दिनेश रघुवंशी सिलवानी को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

भोजपुर: विधानसभा स्तरीय अनुसंधान समिति भोजपुर में भाजपा नेता रविंद्र विजयवर्गीय औबेदुल्लागंज को संयोजक एवं मोहन पटेल मेंदुआ को सहसंयोजक बनाया गया है, वही राधा कृष्ण आडवाणी सुल्तानपुर, अरविंद जैन मंडीदीप, अनिल सोनी बाड़ी को सदस्य नियुक्त किया गया है

सांची: विधानसभा स्तरीय अनुशासन समिति सांची में भाजपा नेता भूपेंद्र वर्मा रायसेन को संयोजक एवं भागचंद चौरसिया गढ़ी को सहसंयोजक बनाया गया है, वहीं द्वारका प्रसाद लोधी पेमत, गंगाराम चौकसे सलामतपुर, तीरनसिंह बघेल डाबर को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है

उदयपुरा: विधानसभा स्तरीय अनुशासन समिति उदयपुर में भाजपा नेता नेपाल सिंह राजपूत बरेली को संयोजक एवं राजकुमार अरेले उदयपुरा को सहसंयोजक नियुक्त किया गया है, इनके अलावा बद्री प्रसाद रघुवंशी अलीबाड़ा, रमेश साद बरेली ग्रामीण, होशियार सिंह भारकच्छ को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

इस प्रकार से जिला स्तरीय अनुशासन समिति से लेकर चारों विधानसभा सीटों के लिए पांच-पांच सदस्यीय अनुशासन समितियो का गठन किया गया है। यह समितियां जिला भाजपा संगठन से लेकर संबंधित जिला स्तरीय अनुशासन समिति एवं विधायकों को अवगत कराएगी, विधायक उक्त जानकारी प्रदेश नेतृत्व को अवगत करा सकेंगे।। ज्ञात हो कि आगामी 5 महीनो के भीतर लोकसभा के संभावित चुनाव होने जा रहे हैं जिसे दृष्टिगत रखते हुए भाजपा संगठन पूरी तरह से सक्रिय रहकर काम करते हुए नजर आ रहा है।

ताप्ती तीरे

सार समाचार

घाट पिपरिया में पीने के पानी के लिए ग्रामीणों ने किया हंगामा

मुलताई, देशबन्धु। ग्राम घाट पिपरिया में ग्रामीण इन दिनों पीने के पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव तक तो लगातार पीने का पानी उपलब्ध कराया गया, लेकिन अब उन्हें पीने के पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। पानी की सप्लाई भी सुचारू रूप से नहीं हो पा रही है, जिसके चलते पीने के पानी के लिए ग्रामीणों को ठंड के दिनो मे ही परेशान होना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जनपद सदस्य को लिखित आवेदन देकर पानी की समस्या के जल्द से जल्द निराकरण करने की मांग की है। आवेदन देने वालो में मालती बाई, गिरजा बाई, ज्योति बाई, किरण बाई, बाली, बटनी बाई , कौशल बाई उपस्थित रही।

मासोद पहुंचा अयोध्या से आया अक्षत कलश, विधि विधान से किया पूजन

मुलताई, देशबन्धु। अयोध्या से आए अभिमंत्रित अक्षत कलश को विश्व हिंदू परिषद की मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी संगठन एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता द्वारा मासोद लाया गया। बजरंग दल के जिला उपाध्यक्ष किशोर जायसवाल ने बताया कि अयोध्या से आए इस अभिमंत्रित अक्षत कलश को विधि विधान से ग्राम के प्राचीन राम मंदिर में स्थापित किया गया है। जिसकी नित्य पूजा पाठ की जाएगी। साथ ही बताया कि अक्षत कलश की शोभायात्रा निकाल कर हर घर को 22 जनवरी को होने वाले अयोध्या में राम जी की प्राण प्रतिष्ठा की जानकारी देकर अयोध्या के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इस अक्षत कलश की राम मंदिर में विधि विधान से पूजन कर स्थापित कर महाआरती कि गई। जिसके महत्व के बारे में भागवताचार्य विजय जी पाठक ने विस्तार से सभी को संपूर्ण जानकारी दी।

24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन

पलेरा, देशबन्धु। स्थानीय नगर के रामराजा स्टेडियम में सीएम राइज विद्यालय के पास 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन 16 से 19 दिसंबर तक आयोजित किया गया है। आयोजन समिति की ओर से बताया गया है कि दिनांक 16 दिसंबर को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके अलावा दिनांक 17 दिसंबर को देव आह्वान पूजन एवं यज्ञ, युग संगीत एवं उद्बोधन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा दिनांक 18 दिसंबर को यज्ञ एवं दीक्षा, पुंसवन संस्कार, कार्यकर्ता गोष्ठी, युवा चेतना शिविर एवं विराट दीप महायज्ञ का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसी प्रकार दिनांक 19 दिसंबर को यज्ञ संस्कार पूर्ण आहुति एवं विदाई का कार्यक्रम प्रात: 8 बजे से आयोजित किया गया है। आयोजन समिति के द्वारा समूचे नगर समेत आसपास के क्षेत्र में चार दिवसीय आयोजित कार्यक्रम के आमंत्रण पत्र वितरित किए जा रहे हैं।

युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

पलेरा, देशबन्धु। थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम घूरा में एक 32 वर्षीय युवक ने पेड़ से फांसी लगाते हुए अपनी जान दे दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार घूरा गांव के रहने वाले नंद किशोर आदिवासी ने अज्ञात कारणों के चलते खेत पर लगे हुए पेड़ से फांसी लगाते हुए अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

पुलिस ने 24 घंटे में खोज निकाला, अदालत ले जाते आरोपियों का निकाला जुलूस

दलित युवक का अपहरण कर मारपीट करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

मुलताई, देशबन्धु। पुलिस ने एक दलित युवक का अपहरण कर उसके साथ मारपीट करने के मामले में 24 घंटे के भीतर ही 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया। आरोपियों को जब न्यायालय पेश करने के लिए पुलिस थाने से ले जाया जा रहा था, तब अचानक से पुलिस वाहन खराब होने के कारण उन्हें पैदल ही ले न्यायालय ले जाया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ चौधरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सुरेश पाल सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी प्रज्ञा शर्मा के निर्देशन में कार्रवाई मुलताई पुलिस द्वारा की गई। घटना के बारे में बताया गया कि 7.12.23 को फरियादी सुजल पंडोले द्वारा थाने में रिपोर्ट की कि 1.12.23 के रात्रि करीबन 10.30 बजे मैं पंचवटी ढाबा के पास खड़ा था, तभी वहां मेरे मोहल्ले के सोमिन शेख, आकिब शेख, सोहेल शेख, बिट्टू शेख स्कार्पियों गाड़ी से आये और पुरानी रंजिश की बात से जाति सूचक शब्द बोलकर गालियां देकर मारपीट करने लगे और मुझे जबरदस्ती उठाकर स्कार्पियों गाड़ी में बिठाकर कामथ तरफ लेकर आये और खाली प्लाटिंग कामथ में मुझे गाड़ी से उताकर चारों लोगों ने प्लास्टिक के पाईप से मारपीट की और बोले की घर पर या पुलिस में रिपोर्ट की तो जान से खत्म कर देगे और मुझे वही छोड़कर चले गये । फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुये धारा 294, 323, 365, 506,34 भादवि 3 (1) (द), 3 (1) (ध), 3 (2) (1ए) एसटी एससी पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया एवं अपराध कायमी के 24 घंटे के भीतर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। इस कार्रवाई में मुलताई थाना प्रभारी प्रज्ञा शर्मा, उनि अमित पवार, उनि बसंत आहके, आर 691 अरविन्द आर. 118 विवेक की अहम भूमिका रही।

बाइक अनियंत्रित होने से युवक घायल, एंबुलेंस से पहुंचाया अस्पताल

मुलताई, देशबन्धु। छिंदवाड़ा मार्ग पर ग्राम चिखली कला के पास अचानक से एक बाइक अनियंत्रित होने से बाइक सवार युवक गिरकर घायल हो गया जिसके चलते उसके सर में चोट आई। सड़क दुर्घटना की सूचना एनएचएआई एंबुलेंस को दी गई जिससे बाद एंबुलेंस पर तैनात डॉ कमलेश रघुवंशी घायल युवक को लेकर मुलताई अस्पताल पहुंचे। प्राप्त जानकारी अनुसार चिखली कला के पास अभिषेक पुत्र लखन पवार उम्र 26 वर्ष बाइक से अपने गांव जा रहा था तभी अचानक उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वह गिरकर घायल हो गया, जिसके चलते उसके सर में चोट आई, उसे एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल लाकर भर्ती करवाया गया जहा उसका प्राथमिक उपचार किया गया।

रिश्ते के भाई ने किया दुष्कर्म, पीड़िता ने दिया बच्चे को जन्म

मुलताई, देशबन्धु। थाना क्षेत्र के एक ग्राम की कक्षा 10वीं की छात्रा के साथ आठनेर में रिश्ते के भाई ने दुष्कर्म किया। इस दौरान छात्रा गर्भवती हो गई। डर के मारे पीड़िता ने घर पर यह बात किसी को नहीं बताई। अब छात्रा ने जिला अस्पताल में एक बच्चे को जन्म दिया। इस मामले में मुलताई पुलिस ने शून्य पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज किया है एवं डायरी आठनेर पुलिस को भेजी है। पीड़िता ने बताया कि उसके घर के सामने आरोपी रहता है, वह रिश्ते में भाई लगता है। 20 मार्च 2023 को पीड़िता का 10वीं का आखरी पेपर था, पेपर देकर आने के बाद वह घर पर थी, तभी आरोपी की मां ने बोला कि उसके मायके में 2 तोते है एक तुम रख लेना एक हम रख लेंगे, तो मै भैया के साथ मोटर साइकल में बैठ कर चली गई, करीब दोपहर 1 बजे उनके गांव पहुंच गए, तो वहां आरोपी की मां की भाभी मिली, उन्होने बोला कि अभी मिठू लेकर नहीं आए है खेत पर ही है, बाद में लेकर जाना, तो हम लोग वहा से दोपहर करीब 3 बजे निकल गए। रास्ते में आठनेर के पास गोरखनाथ मंदिर के पास ललित ने मोटर साइकल रोकी और मुझे मंदिर के पास के खेत में लेकर गया और मेरे साथ मेरी मर्जी के बिना गलत काम किया और बोला कि अगर घर पर बताया तो तेरी मां को जान से खत्म कर दूंगा, फिर उसके बाद मैं घर आ गई, डर के कारण किसी को नहीं बताया। उसके बाद कई बार जब मेरे घर पर कोई नहीं होता था तो आरोपी मुझे उसके घर लेकर जाता था और मेरे साथ गलत काम करता था और बोलता था कि अगर किसी को बताया तो तुझे और तेरी माँ को खत्म कर दूंगा। फिर 21 नवम्बर 23 को पीड़िता के पेट मे दर्द होने लगा, तो उसके नाना उसे बैतूल अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टर ने बताया कि बच्चा होने वाला है, फिर 22 नवम्बर 23 को जिला अस्पताल में पीड़िता को लड़का हुआ। पीड़िता ने मां के साथ आकर शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 376 (2)(एन),376(3) आईपीसी 5(0) (3)/6 पोकसों एक्ट कायम किया है।

राज्य औद्योगिक संरक्षण सुरक्षा सप्ताह के समापन

सुरक्षा के साथ उत्पादन करना और संयंत्र सहित साथियों का ध्यान रखना बड़ी उपलब्धि: देशमुख

सारनी, देशबन्धु। सुरक्षा के साथ उत्पादन और सुरक्षा के नियमों को पालन करने के साथ खुद की सुरक्षा और अपने साथियों की सुरक्षा के अलावा संयंत्र का ध्यान रखना यह सबसे महत्वपूर्ण है। यह बात राज्य औद्योगिक संरक्षण सुरक्षा सप्ताह के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता उल्लास देशमुख ने कही। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर सबसे पहले अपनी सुरक्षा,फिर साथी की सुरक्षा फिर मशीन की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए कार्य करना तथा अन्य महत्वपूर्ण उपकरणों को अपने संरक्षण में रखकर सावधानी के साथ बिजली का उत्पादन करना और कार्य करना यही सबसे बड़ी सावधानी और उपलब्धि मानी जाती है। उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सुरक्षा में यदि किसी भी तरह की चुक होती है तो निश्चित तौर से कर्मचारी और संयंत्र के अलावा सहयोगियों को नुकसान उठाना पड़ता है ऐसी स्थिति में कार्य स्थल पर सावधानी और चौकन्ना होकर कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम का आयोजन लोकनाथ कंस्ट्रक्शन प्रा लि कंपनी में राज्य औद्योगिक संरक्षा सप्ताह के अंतर्गत चल रहे कार्यक्रम के समापन किया गया।कार्यक्रम का आयोजन एवं रूपरेखा लोकनाथ कंस्ट्रक्शन प्रा लि कंपनी सुरक्षा अधिकारी हरीश सिनोठिया द्वारा सीएचपी चार मे किया गया। कार्यक्रम का आयोजन 3 से 8 दिसंबर तक चले सुरक्षा सप्ताह में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता आयोजित भी की गई थीं जिसमे नारा स्लोगन प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता का अयोजन किया गया था। औद्योगिक सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम में कार्यपालन अभियंता संजय जोशी ने भोपाल गैस त्रासदी के विषय पर प्रकाश डालते हुए कर्मचारियो कार्य में लापरवाही न बरतने की बात कर्मचारियों से कही है।

जिले में लोक अदालत का आयोजन आज

बैतूल, देशबन्धु। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के दिशा-निर्देशानुसार, मान.प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्राणेश कुमार प्राण के मार्गदर्शन में 9 दिसंबर को जिला मुख्यालय बैतूल एवं तहसील न्यायालय मुलताई, भैंसदेही, आमला में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उक्त लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित एवं राजीनामा योग्य सभी प्रकार के सिविल, आपराधिक, चैक बाउन्स, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, वैवाहिक मामले आदि का निराकरण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त बैंक ऋण वसूली, नगर पालिका के जलकर एवं सम्पत्तिकर, बिजली एवं टेलीफोन के बकाया बिल संबंधी प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का राजीनामा द्वारा निराकरण किया जाएगा।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्राणेश कुमार प्राण द्वारा जिले के सभी न्यायालयों के प्रकरणों में राजीनामा हेतु कुल 26 खण्डपीठों का गठन किया गया है, जिनमें जिला मुख्यालय बैतूल हेतु 14, सिविल न्यायालय आमला के लिये 3, सिविल न्यायालय भैंसदेही हेतु 3 तथा सिविल न्यायालय मुलताई हेतु 6 खण्डपीठ है। आज दिनांक तक न्यायालय के 3566 प्रकरण लोक अदालत में राजीनामा हेतु रखे गये है। प्रकरणों में विवाद के पक्षकारों के मध्य सुलह कराये जाने हेतु सभी न्यायाधीशों द्वारा प्रीसिटिंग बैठक आयोजित कर निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा के निराकरण हेतु प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्राणेश कुमार प्राण द्वारा स्वयं बीमा कंपनी के अधिवक्ता एवं पक्षकारों के मध्य सहमति बनाने का प्रयास किया जा रहा है। बैंक प्रीलिटिगेशन 6075 प्रकरणों में नोटिस जारी किये गये है। आम नागरिकों से अपील है कि वे अपने प्रकरणों के निराकरण हेतु संबंधित अपने अधिवक्ता अथवा न्यायालय में संपर्क करें।

पार्षद के निधन से पंडित जवाहरलाल नेहरू वार्ड 14 में होगा उपचुनाव, मतदान 26 को

सारनी, देशबन्धु। नगर पालिका के पंडित जवाहरलाल नेहरू वार्ड के भाजपा पार्षद मनोज ठाकुर के 6 माह पहले हुए आकस्मिक निधन से इस वार्ड में उपचुनाव की घोषणा की जा चुकी है। नाम निर्देश पत्र प्राप्त करना 15 दिसंबर को 10:30 बजे से किया जाएगा। स्थान सीट के आरक्षण से संबंधित सूचना का प्रकाशन 15 दिसंबर को 10:30 बजे से शुरू होगा। मतदान केद्रों की सूची का प्रकाशन 15 दिसंबर को ही 10:30 बजे किया जाएगा। नाम निर्देश पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 22 दिसंबर को 10:30 बजे से लेकर दोपहर 3 बजे तक निर्धारित की गई है। नाम निर्देश पत्रों की समीक्षा जांच 23 दिसंबर को 10:30 बजे की जाएगी,अभ्यर्थी के नाम वापसी लेने की अंतिम तिथि 26 दिसंबर 10:30 बजे से लेकर 3 बजे तक होगी। निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करना और निर्वाचन प्रक्रिया का आवंटन करना 26 दिसंबर को किया जाएगा मतदान की तिथि 5 जनवरी को सुबह 7 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक निर्धारित की गई है। जबकि उपचुनाव के परिणाम की घोषणा 9 जनवरी को सुबह 9 की जाएगी। बताया जाता है कि भारतीय जनता पार्टी के निर्वाचित पार्षद मनोज ठाकुर का 6 महापूर्व सड़क दुर्घटना में निधन हो जाने के कारण यह वार्ड पार्षद विहीन था विधानसभा चुनाव के बाद इस वार्ड में उप चुनाव किए जाने की घोषणा की गई है।

सारंग से मिले सूर्यवंशी ढोलेवार कुनबी समाज युवा संगठन के पदाधिकारी

- संगठन के द्वारा चलाए जा रहे जनहितैषी कार्यक्रमों से कराया अवगत

बैतूल, देशबन्धु। सूर्यवंशी ढोलेवार कुनबी समाज युवा संगठन के जिला अध्यक्ष अजय गंगारे एवं राकेश कापसे ने विधानसभा नरेला क्षेत्र के विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग के निवास पहुंचकर उन्हें विधानसभा चुनाव में जीत की बधाई दी। इस अवसर पर दोनों युवा पदाधिकारी ने विश्वास सारंग से ढोलेवार कुनबी समाज संगठन द्वारा आगामी समय की कार्य योजना सहित बैतूल जिले में सूर्यवंशी ढोलेवार कुनबी समाज युवा संगठन के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जनहितैषी कार्यक्रमों से अवगत कराया। कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग ने भी युवा संगठन द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने युवा पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि वह समाज सेवा के कार्यों में ऐसे ही आगे बढ़ते रहे। अगर उन्हें कोई मदद की जरूरत पड़ती है तो वह समाज सेवा के कार्यों में हर संभव मदद करेंगे। युवा पदाधिकारियों ने बैतूल जिले में सूर्यवंशी ढोलेवार कुनबी समाज को भी संख्या बल के आधार पर आगामी समय में राजनीति के क्षेत्र में विशेष तवज्जो देने की बात कही। युवा पदाधिकारियों ने बताया कि बैतूल जिले में सूर्यवंशी ढोलेवार कुनबी समाज का एक बड़ा तबका है इसके बावजूद राजनीति के मामले में समाज उपेक्षित ही होते आया है। ऐसे अनेक विषयों पर कैबिनेट मंत्री से गहन चर्चा की गई एवं विचार विमर्श किया गया। राकेश कापसे ने बताया कि जिला अध्यक्ष एवं समाज के द्वारा समाज के प्रति कार्य सराहनीय रहा है।

नीमगांव जम्भेश्वर मंदिर में चल रहा विश्नाई समाज का धार्मिक आयोजन

हमेशा संतों के सानिध्य में रहना चाहिए: गोवर्धनराम

हरदा, देशबन्धु। जीवन में संतों की अहम भूमिका होती है। इसलिए हमें हमेशा संतों के सानिध्य में रहना चाहिए। इससे हमें जीवन में एक नई दिशा मिलेगी। क्या सही है क्या गलत है इसका फर्क पता चलेगा। यह बात नीमगांव स्थित श्रीगुरु जम्भेश्वर मंदिर में शुक्रवार से शुरू हुए विश्नोई समाज के अगहन महोत्सव में जाम्भाणी हरिकथा ज्ञान का वाचन करते हुए हरिद्वार से आए आचार्य संत डा. गोवर्धनराम शिक्षा शास्त्री ने कहे। कथा का वाचन करते हुए आचार्यश्री ने कहा कि संतों के बिना यह जीवन निरर्थक है। आज भी संतों की महत्ता कम नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि भारत देश संतों का देश है। संत हिमालय, जंगल आदि जगह कठोर तप करके ज्ञान अर्जित करते हैं। इसी ज्ञान और तप का उपयोग वे प्राणी मात्र के उद्धार के लिए करते हैं। इसलिए हमें हमेशा संतों का आदर सत्कार करना चाहिए। जिसके जीवन में संतों का सानिध्य नहीं है समझ लो उसका जीवन दिशाहीन है। संतों की महत्ता तो हमें हमारे वेद और पुराणों में भी देखने और सुनने को मिलती है। मप्र मध्यक्षेत्र विश्नोई सभा के सचिव पूनमचंद पंवार ने बताया कि अगहन महोत्सव की शुरुआत सुबह श्रीगुरु जम्भेश्वर मंदिर परिसर में बने कुंड में हवन और यज्ञ के साथ हुई। कथा वाचक संत गोवर्धनराम महाराज, विश्नोई संत आश्रम के महंत स्वामी भगवानप्रसाद महाराज, श्रीजम्भेश्वर मंदिर नीमगांव के महंत स्वामी हनुमानदास महाराज, ब्रदीनाथ विश्नोई, संत आश्रम संत आत्मानंद महाराज, राजस्थान से संत राजेंद्रानंद महाराज सहित विश्नोई समाज के लोगों ने हवन यज्ञ किया।

पाटन विधायक से मिला समाज का प्रतिनिधिमंडल: विश्नोई समाज के एक प्रतिनिधि मंडल ने गुरुवार को भोपाल जाकर जबलपुर की पाटन विधानसभा से विधायक व पूर्व मंत्री अजय विश्नोई से मुलाकात की। इस दौरान सामाजिक लोगों ने विधायक को नीमगांव स्थिति श्रीगुरु जम्भेश्वर मंदिर में आयोजित किए जा रहे अगहन महोत्सव में शामिल होने आमंत्रित किया। मप्र मध्यक्षेत्र विश्नोई सभा के सचिव पूनमचंद पंवार ने बताया कि विधायक विश्नोई को चुनाव में विजयी होने की बधाई दी गई। साथ ही उन्हें नीमगांव आने के लिए आमंत्रित किया गया। इसके अलावा विधायक से अन्य विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान मप्र मध्यक्षेत्र विश्नोई सभा के अध्यक्ष आत्माराम पटेल, पूर्व अध्यक्ष हीरालाल खोखर, पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता आरडी झूरिया, सचिव पूनमचंद पंवार, पलकराम सारन, अजय खोड, गोपाल झूरिया, शरद पटेल, नर्मदाप्रसाद सारन, दीपक सेठ आदि सामाजिक लोग मौजूद थे।

सार समाचार

गणतंत्र दिवस की संध्या पर होगा भारत पर्व का आयोजन

नर्मदापुरम, देशबन्धु। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 को भारत पर्व का आयोजन किया जाएगा। प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग शिव शेखर शुक्ला ने तदाशय की जानकारी देते हुए बताया है कि गणतंत्र दिवस की संध्या पर प्रदेश के समस्त जिलो में संस्कृति विभाग द्वारा जनसंपर्क विभाग तथा जिला प्रशासन के सहयोग से भारत पर्व का आयोजन किया जाएगा। भारत पर्व के आयोजन में प्रदेश के पारंपरिक रूप से लोक रूचि के गायन यथा लोक, भक्ति, सुराज, आजादी के तराने, कवि सम्मेलन, वादन और नर्तन यथा जनजातीय एवं लोक इत्यादि पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। भारत पर्व पर जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रतिवर्षानुसार प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। भारत पर्व का कार्यक्रम भोपाल को छोड़कर प्रदेश के समस्त जिलो में आयोजित किया जाएगा।

श्री प्रेम शंकर दुबे का 32 वॉ पुण्य स्मरण दिवस 14 को मनाया जाएगा

इटारसी, देशबन्धु। श्री प्रेम शंकर दुबे का 32 वॉ पुण्य स्मरण दिवस 14 दिसंबर को मनाया जाएगा। नर्मदा अंचल के शीर्ष पत्रकार प्रेम शंकर दुबे का 32 वॉ पूर्ण स्मरण दिवस 14 दिसंबर गुरुवार को प्रातः 11 बजे से उन्हीं के नाम पर स्थापित श्री प्रेम शंकर दुबे स्मृति पत्रकार भवन में आयोजित किया गया है। इस अवसर पर राजनेता पत्रकार व्यापारी समाजसेवी साहित्यकार एवं स्नेही स्वजन, शुभचिंतक आमंत्रित किए गए हैं। नर्मदा पुरम पत्रकार संघ के अध्यक्ष प्रमोद पगारे, संभागीय अध्यक्ष रोहित नागे, कोषाध्यक्ष राजेश दुबे एवं कार्यक्रम संयोजक भूपेंद्र विश्वकर्मा ने कहा की श्री प्रेम शंकर दुबे का जन्म 1 सितंबर 1926 को समीप के ग्राम बिछुआ में हुआ था एवं उनका देवलोक गमन 14 दिसंबर 1991 को हुआ स्वर्गीय श्री दुबे ने विपरीत परिस्थितियों में पत्रकारिता की एवं इटारसी का नाम पूरे देश में रोशन किया उनकी स्मृति में प्रतिवर्ष आयोजन किया जाता है जिसमें बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहते हैं।

चाणक्य कप क्रिकेट टूर्नामेंट 17 से 24 दिसंबर तक

इटारसी, देशबन्धु। चाणक्य सर्वधर्म सद्भाव समिति द्वारा आयोजित चाणक्य कप क्रिकेट टूर्नामेंट में इस बार 24 समाजों की टीमें हिस्सा लेंगी। यह टूर्नामेंट टेनिस बाल से खेला जाता है।

चाणक्य सर्व धर्म सदभाव समिति के जिला अध्यक्ष पं सुनील पाठक ने बताया कि इस प्रतियोगिता में सभी धर्म, जाति के लोग बहुत प्यार एकता और अपनेपन से खेलते हैं। इस वर्ष भी विभिन्न समाजों की 24 टीमें इस टूर्नामेंट में एक सप्ताह तक अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।

नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने आज किया का निरीक्षण

लाटरी सिस्टम के जरिए पात्र हितग्राहियों को आवंटित होंगे आवास

इटारसी, देशबन्धु। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने आज न्यास कॉलोनी में पीएम आवास योजना के एएचपी घटक के तहत बन रहे आवासों का निरीक्षण किया। यहां अभी 16 आवास की मल्टी स्टोरी बिल्डिंग तैयार हो रही है। इसमें कुछ काम अभी शेष बचा है, जिसे एक सप्ताह में पूरा करने का अल्टीमेटम नगरपालिका अध्यक्ष श्री चौरे ने ठेकेदार को दूरभाष पर संपर्क करते हुए दिया। निरीक्षण के दौरान साइट उपयंत्री सोनिका अग्रवाल, वार्ड 06 के पार्षद जिम्मी कैथवास और ठेकेदार के सुपरवाइजर मौजूद थे।

नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि न्यास कॉलोनी में अभी जो 16 ईडब्ल्यूएस मकान की मल्टी स्टोरी बिल्डिंग तैयार हो रही है, उसमें सैप्टिक टैंक का कुछ निर्माण कार्य पूरा होना बाकी है। कुछ काम फलैट में इलेक्ट्रिफिकेशन का होना बचा है। इसके अलावा यहां बाउंड्रीवाल के निर्माण का कार्य होना बाकी है।

नगरपालिका अध्यक्ष श्री चौरे ने बताया कि ठेकेदार से फोन पर आज चर्चा हुई है, उन्हें हमने एक सप्ताह में यह बचे हुए काम पूरा करने का लॉस्ट अल्टीमेटम दिया है, इसके यदि काम नहीं होता है तो उनके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। नगरपालिका अध्यक्ष श्री चौरे ने बताया कि जैसे ही निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा हम पात्र हितग्राहियों को लाटरी सिस्टम से मकान आवंटित कर देंगे।

बारिश में जलभराव न हो इसकी तैयारी

नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे और वार्ड 06 पार्षद जिम्मी कैथवास ने दूरदर्शिता का परिचय देते हुए आज सनखेड़ा नाका पर सडक के पास मौजूद आवासीय कॉलोनी में जलभराव की होने वाली समस्या को कैसे दूर किया जा सकता है उस पर मंथन किया। नगरपालिका अध्यक्ष श्री चौरे और पार्षद श्री कैथवास ने यहां आज निरीक्षण करते हुए देखा कि पानी किस रास्तों से आगे की ओर निकाला जाए, जिससे जलभराव इस क्षेत्र में न हो। इस निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग नपा के अधिकारी व वार्ड 26 के पार्षद कुंदन गौर मौजूद थे।

हत्यारे पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

घेरलू विवाद में कुल्हाड़ी से काट दी पत्नी की गर्दन

बनखेड़ी, देशबन्धु। पत्नी की बात पति को इतनी चुभी कि उसने पत्नी की गर्दन को कुल्हाड़ी से ही उड़ा दी। दरअसल मामला बनखेड़ी थाने क्षेत्र के ग्राम कोसकरपा का है। जहां पर शुक्रवार की सुबह किसी बात को लेकर पति-पत्नी की आपस में कहा सुनी हो गई। इसी दौरान पत्नी ने पति को गाली-गलौज कर दी, जिससे पति ने गुस्से में आकर पत्नी को कुल्हाड़ी से गर्दन पर बेरहमी से कई बार किए, जिससे पत्नी की मौके पर मौत हो गई।

थाना प्रभारी सुधाकर बारसकर ने बताया कि घटना की सूचना डायल 100 को प्रात हुई थी। इस घटना को बनखेड़ी पुलिस ने तुरंत संज्ञान में लेकर मौके पर जाकर देखा कि महिला अपने घर के अंदर लकड़ी के बने पलंग पर मृत अवस्था में पड़ी हुई है। प्रभारी श्री बारसकर ने बताया कि महिला 35 वर्षीय मोसम बाई की गर्दन धड़ से पलंग के नीचे लटकी मिली। आरोपी पति 40 वर्षीय विष्णु अहिरवार ने बताया कि महिला ने गालियां दी थी जिस कारण उसने कुल्हाड़ी से उसकी हत्या कर दी। बनखेड़ी थाना पुलिस ने आरोपी विष्णु अहिरवार के विरोध धारा 302 के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को अभिरक्षा में लेकर मामले को जांच में लिया है।

रक्तदान शिविरि में 48 यूनिट रक्त एकत्रित किया

पिपरिया, देशबन्धु। शहीद भगतसिंह पीजी कॉलेज में रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। जिसमें 48 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। पीजी कॉलेज, एचडीएफसी बैंक एवं रेडक्रास सोसायटी पिपरिया के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर कॉलेज में आयोजित किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष नीना नागपाल ने कहा कि रक्तदान महादान है। सभी को इस पुण्यकार्य में सहयोग करना चाहिए। इस दौरान एसडीएम संतोष तिवारी, जिला रेडक्रास से डॉ रविकांत शर्मा, रेडक्रास सोसायटी सचिव अजय घुरका, प्राचार्य आरके वर्मा, एचडीएफसी बैंक प्रबंधक संजय शर्मा, सहा. प्रबंधक बिजेंद्रकुमार, रेडक्रास प्राभारी अनिता सेन, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष ममता नागवंशी, बीएमओ रिचा कटकवार आदि ने भी अपने उद्बोधन में रक्तदान के लोगों से अपील की।

जनपद पंचायत सीईओ प्रभार मुक्त, एसडीएम बने प्रभारी

पिपरिया, देशबन्धु। मुख्य कार्यपालन अधिकारी पिपरिया संजय अग्रवाल को पिपरिया जनपद पंचायत के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया है। अब उनके स्थान पर पिपरिया एसडीएम जनपद पंचायत का अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे।

ज्ञात हो कि वरिष्ठ कार्यालय के आदेश पर अक्टूबर 2023 में सोहागपुर मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय अग्रवाल को पिपरिया जनपद पंचायत का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। गत दिवस जिला पंचायत कार्यालय के आदेश से अग्रवाल को पिपरिया जनपद पंचायत के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया गया है। साथ ही अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पिपरिया संतोष कुमार तिवारी को वर्तमान कार्य के साथ-साथ ही जनपद पंचायत का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

करीब ढाई वर्ष पूर्व लापता कजरारे नैना वाली बाघिन टी-42 लौटी

इटारसी, देशबन्धु। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से करीब ढाई वर्ष से लापता कजरारे नयना वाली बाघिन टी-42 पार्क में फिर दिखाई दी है। इसे एसटीआर की सबसे खूबसूरत बाघिन भी कहा जाता है। यह 4 दिसंबर को भीमकुंड गेट के पास दिखाई दी है। इसके बाद एसटीआर प्रबंधन में खुशी की लहर है।

टी-42 बाघिन को सन् 2020 में बांधवगढ़ से सतपुड़ा टाइगर रिजर्व लाया गया था। उसके लगभग 1 साल के बाद जब कोविड का दूसरा चरण चल रहा था, यह अचानक लापता हो गयी थी। इस दौरान न ही वह सर्च टीम को कहीं नजर आ रही थी और ना ही प्रबंधन द्वारा लगाए गए कैमरा में ट्रैक हुई। अचानक लापता हुई बाघिन के संबंध में तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे थे।

अब खुशी की खबर यह है कि 4 दिसंबर को पैदल गश्त कर रही सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की टीम को बाघिन टी-42 अचानक चूरना के कोर एरिया में नजर आई जिससे प्रबंधन में खुशी की लहर दौड़ गई है। बोरी अभयारण्य के अधीक्षक एसडीओ विनोद वर्मा ने बताया कि यह बेहद खूबसूरत बाघिन है, जिसे हम काफी मिस कर रहे थे। यह अचानक हमें भीमकुंड गेट के पास दिखाई दी, इसके बाद हम बेहद खुश हैं। यह करीब दो से ढाई वर्ष पूर्व बारिश के समय जब कोविड का दूसरा फेज़ चल रहा था, अचानक लापता हो गयी थी।

बरखेड़ा-बुदनी के मध्य तीव्र गति से स्पीड ट्रायल आज से

इटारसी, देशबन्धु। पश्चिम मध्य रेल, भोपाल मण्डल के भोपाल-इटारसी रेल खंड पर बरखेड़ा-बुदनी स्टेशनों के बीच तीसरी लाइन पर कल 09 दिसंबर 2023 से लगातार रेलवे द्वारा तीव्र गति से स्पीड ट्रायल किया जायेगा जिसके उपरांत नियमित रेल यातायात प्रारंभ हो जाएगा।

रेलवे ने कहा कि रेलवे भूमि के अन्दर, खुले हुए समपार फाटक के अलावा, अनाधिकृत रूप से प्रवेश करना इंडियन रेलवे एक्ट की धारा 147 के तहत गैर कानूनी है, जिसमें 6 माह की जेल अथवा 1000 रुपए जुर्माना अथवा दोनों दंडों का प्रावधान है। पीआरओ भोपाल मंडल सूबेदार सिंह ने कहा नागरिकों को समपार फाटक से पार करते समय भी सभी नियमों का पालन करना चाहिए एवं ऐसा तभी करें जब पार करना सुरक्षित हो और दोनों दिशाओं से ट्रेन नहीं आ रही हो।

कामायनी एक्सप्रेस 10 दिसंबर से बलिया स्टेशन तक जाएगी

इटारसी, देशबन्धु। कामायनी एक्सप्रेस 10 दिसंबर से बलिया तक की यात्रा पर जाएगी। रेलवे ने इसकी सेवा के विस्तार का निर्णय लिया है। 11071/11072 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस कामायनी एक्सप्रेस की सेवा का विस्तार बलिया स्टेशन तक किया जा रहा है। विस्तार के पश्चात गाड़ी बनारस स्टेशन के स्थान पर वाराणसी स्टेशन पर रुकेगी।

11071 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बनारस कामायनी एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय सारणी के अनुसार चलते हुए 19.45 बजे वाराणसी पहुंच कर, 19.55 बजे वाराणसी से प्रस्थान कर, 20.45 बजे औड़ीहार पहुंच कर, 20.50 बजे औड़ीहार से प्रस्थान कर, 21.25 बजे गाजीपुर सिटी पहुंच कर, 21.30 बजे गाजीपुर सिटी से प्रस्थान कर, 22.35 बजे बलिया स्टेशन पहुंचेगी।

11072 बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस कामायनी एक्सप्रेस बलिया स्टेशन से 12.45 बजे प्रस्थान कर, 13.55 बजे गाजीपुर सिटी पहुंच कर, 14.00 बजे गाजीपुर सिटी से प्रस्थान कर, 14.45 बजे औड़ीहार पहुंच कर, 14.50 बजे औड़ीहार से प्रस्थान कर, 15.50 बजे वाराणसी पहुंच कर,16.00 बजे वाराणसी से प्रस्थान कर अपने निर्धारित समय-सारणी के अनुसार चलते हुए लोकमान्य तिलक टर्मिनस जाएगी।

आरबीएफसी की अंडर-16 फुटबाल प्रतियोगिता आज से, तैयारी पूरी

रेल्वे बॉयस फुटबाल क्लब
अध्यक्ष प्रीतम तिवारी

इटारसी, देशबन्धु। रेलवे बॉयज फुटबॉल क्लब द्वारा आयोजित अंडर 16 फुटबॉल प्रतियोगिता मैत्री मैच एवं ओपन फुटबॉल प्रतियोगिता का कल शुभारंभ होगा। कल 9 दिसंबर को गुरुकुल नर्मदापुरम, यंग बॉयज नया यार्ड, नर्मदा एकेडमी और फाइटर अंडर-16 के मध्य मैच खेले जाएंगे।

क्लब के अध्यक्ष प्रीतम तिवारी ने बताया कि रेलवे कर्मचारी एवं उनके बच्चों के उत्साह वर्धन के लिए जिले में जूनियर खिलाड़ियों को खेलने का मौका मिले, जिला फुटबाल संघ के तत्वावधान में प्रतिभाओं को बढ़ाने अंडर 16 फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जाएगा। क्लब के सचिव देवेंद्र खाड़े ने बताया कि जिले की 16 टीमें अंडर-16 फुटबाल प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं। इसके पश्चात मैत्री चैरिटी मैच होंगे एवं ओपन फुटबॉल प्रतियोगिता होगी। शुभारंभ की पूरी तैयारी हो चुकी है। उक्त जानकारी प्रशिक्षक राकेश मसीह, गुरमुख सैनी ने दी है।

प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, जनपद सदस्य भूपेंद्र चौकसे, मध्य प्रदेश तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष गुड्डन पांडे, पार्षद राकेश जाधव, सरपंच जितेंद्र पटेल, लाल झंडा यूनियन के मंडल अध्यक्ष टी गौतम, सीनियर डीएमई डीजल जितेंद्र श्रीवास्तव, सीनियर डीईई टीआरएस सचिन शर्मा, एडीएमई आशीष झारिया, एईएन अशोक कुमार मालवीय, प्रकाश खेवले, लाल झंडा यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष आरके यादव, समाज कल्याण केंद्र भोपाल के सचिव नितिन परमार, एसडीओपी महेंद्र सिंह चौहान, थाना प्रभारी इटारसी गौरव बुंदेला सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष जितेंद्र ओझा, जन भागीदारी अध्यक्ष एमजीएम कॉलेज अध्यक्ष नीरज जैन, जीआरपी थाना प्रभारी राम स्नेही चौहान, क्लब के संरक्षक दिलीप मैना, जय किशोर चौधरी, एडवोकेट अशोक शर्मा, विधायक प्रतिनिधि अशोक साक्कले खेल एवं युवक कल्याण प्रकोष्ठ इटारसी उपस्थित रहेंगे।

शासकीय एमजीएम कॉलेज में भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन

इटारसी, देशबन्धु। शासकीय एमजीएम पीजी महाविद्यालय, इटारसी में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं गणित विभाग के द्वारा भारतीय भाषा उत्सव मनाया गया। विशिष्ठ तमिल कवि, स्वतंत्रता सेनानी, पत्रकार, लेखक एवं समाज सुधारक सुब्रमन्यम भारती की याद में भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.राकेश मेहता ने मां सरस्वती का दीप प्रज्वलन एवं छात्र गोपाल पांडे ने संस्कृत में ध्येय वाक्य के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ.राकेश मेहता ने सुब्रमन्यम भारती के बहुमुखी प्रतिभा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अपनी बातों को सुनाने योग्य बनाने के लिए उसमें विशिष्टता, माधुर्य, गुणवत्ता एवं बहुभाषी शब्दों का समावेश होना चाहिए। गणित विभागाध्यक्ष डॉ.रश्मि तिवारी ने भारतीय भाषाओं की विविधता पर प्रकाश डालते हुए उन्हें भावनाओं को व्यक्त करने का सशक्त माध्यम बताया। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ.ओपी शर्मा ने संविधान में वर्णित 8 वी सूची की भाषाओं पर प्रकाश डाला। अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ.अरविंद शर्मा ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। संस्कृत विभागाध्यक्ष श्रीमती श्रुति ने संस्कृत भाषा के वैज्ञानिक स्वभाव से विद्यार्थियों को अवगत कराया।

कार्यक्रम का संचालक डॉ.पीके अग्रवाल ने मान्यता प्राप्त शास्त्रीय भाषाओं पर प्रकाश डाला तथा उडिया में गंगाधर मेहेर के द्वारा रचित विश्व देख मधुमयरे जीवन गीत गाकर सुनाया। कार्यक्रम में बहुत संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. विनोद कुमार कृष्णा, अतिथि विद्वान वरुण दुबे, डॉ. सपना अग्रवाल, दीक्षा पटैल आदि उपस्थित थे।

आज लोक अदालत में संपत्तिकर अधिभार-जल उपभोक्ता प्रभार में मिलेगी भारी छूट

नर्मदापुरम, देशबन्धु। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 09 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस लोक अदालत में संपत्तिकर अधिभार, जल उपभोक्ता प्रभार में मध्यप्रदेश शासन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, भोपाल द्वारा छूट प्रदान की जा रही है। मध्यप्रदेश शासन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, भोपाल के द्वारा प्रदेश के नगरीय निकायों में मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम, अधिनियम 1956 की धारा 162 एवं 163 तथा मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961, की धारा 130, 131 तथा 132 में निहित शक्तियों को उपयोग में लाते हुए राज्य शासन द्वारा संपत्तिकर अधिभार जल उपभोक्ता प्रभार में निम्न शर्तों के साथ छूट प्रदान की गई है। जिनमें संपत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रुपये पचास हजार तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत तक की छूट। संपत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रुपये रुपये पचास हजार से अधिक तथा रुपए एक लाख तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत तक की छूट। संपत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रूपये एक लाख से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत तक की छूट। जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रूपये 10000 तक बकाया होने पर 100 प्रतिशत तक की छूट। जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रूपये 10000 से अधिक तथा रूपये 50000 तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 75 प्रतिशत की छूट। जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रूपये 50000 से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। यह छूट मात्र एक बार ही दी जायेगी। यह छूट वित्तीय वर्ष 2022-2023 तक की बकाया राशि पर ही देय होगी। छूट उपरांत राशि अधिकतम दो किश्तों में जमा कराई जाएगी, जिसमें से कम से कम 50 प्रतिशत राशि लोक अदालत के दिन जमा कराई जाना अनिवार्य होगा। यह छूट मात्र 09 दिसंबर को आयोजित होने वाली समस्त नेशनल लोक अदालत के लिए ही मान्य होगी।

राघौगढ़ की आभार सभा में पहुंचे मुख्यमंत्री, बोले-

कांग्रेस ईवीएम ने नहीं अहंकार ने हराया

बहनों से बोले- तुम्हारी जिंदगी में कभी अंधेरा नहीं होने दूंगा

गुना, देशबन्धु। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को राघौगढ़ में धन्यवाद सभा को संबोधित करने पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने राघौगढ़ से भाजपा प्रत्याशी हीरेन्द्र का हाथ उठाते हुए कहा कि हीरेन्द्र हारे नहीं हैं उन्हें जनता ने 91 हजार से अधिक वोट दिए हैं। यह हारे नहीं हैं यह तो जीते हैं। आपने जो प्यार, दुलार और विश्वास बंटी बना पर जताया है, वह आपको विश्वास दिलाता है कि यह विश्वास मैं कभी आपका टूटने नहीं दूंगा।

मुख्यमंत्री पूर्व सीएम दिग्विजय के गृह नगर राघौगढ़ में आभार सभा को संबोधित करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को ईवीएम ने नहीं बल्कि उनके अहंकार ने हराया है। उन्होंने कहा कि दिग्विजय जी एवं कमलनाथ जी हर बार ईव्हीएम को दोष देते हैं, यदि ऐसा होता है तो हम बंटी को दो-चार हजार वोटों से पीछे क्यों रहने देते। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी बंटी बना की तरफ मुखातिब होते हुए कहा कि बंटी तुम तो राघौगढ़ देखोंगे ही हम भी यहां से चुनाव लड़ चुके हैं, हम भी राघौगढ़ देखेंगे, दोनों मिलकर राघौगढ़ देखेंगे। मैं यहां से 2003 में चुनाव लड़ा था। मैंने तब सोचा था कि यह मुख्यमंत्री का क्षेत्र है विकास तो बहुत हुआ होगा। लेकिन यहां आकर देखा तो न सडकें थी न लाईट थी। सडक में गढ्डे नहीं थे, गढ्डों में सड़क थी। लाड़ली बहनाओं तुमने आरती उतारी है तुम्हारे शिवराज भाई का संकल्प है कि तुम्हारी जिंदगी में कभी अंधेरा नहीं होने देगा। सभा के दौरान मुख्यमंत्री पद का फैसला होने से पहले शिवराज आत्मविश्वास से लबरेज नजर आए। इसके पूर्व मुख्यमंत्री हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल तक रोड शो करते हुए पहुंचे। राघौगढ़ वालों आपने फूल वर्षा कर स्वागत किया है, मैं आपको विश्वास दिलाता हूं राघौगढ़ के विकास में कोई कांटा नहीं रहने दिया जाएगा। बंटी बना के नेतृत्व में राघौगढ़ के विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि राघौगढ़ को जो लोग जागीर मानते हैं और जिन्होंने कई सीटों पर जीत दिलाने का ठेका लिया था वहां भाजपा कहीं 50 हजार तो कहीं 60 हजार वोटों से प्रचंड जीत दर्ज की है।

हम हार कर प्रसन्न हैं, वह जीत कर भी सदमे में हैं : बंटी बना

स्वागत भाषण देते हुए राघौगढ़ से भाजपा प्रत्याशी रहे हीरेन्द्र सिंह बंटी बना ने राघौगढ़ की जनता जर्नादन का झुककर आभार जताया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मेरे पास मुख्यमंत्री का फोन आया कि मैं राघौगढ़ का आभार जताना चाहता हूं इसलिए कल ही आऊंगा। ऐसे संवेदनशील मुख्यमंत्री का मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। श्री बना ने कहा कि हम धन्यवाद देने इसलिए आएं हैं क्योंकि यहां हम हारे नहीं जीते हैं। हमने तो राघौगढ़ का इतिहास बदल दिया। यहां लोगों को धमकाया जाता था कि झंडे मत लगाना। हमने कहा ठीक है भैया झंडा तुम लगा लो, लेकिन वोट मामा जी को ही देना। श्री बना ने विधायक जयवर्धन सिंह पर कटाक्ष करते हुए कहा कि हम हार कर भी प्रसन्न हैं वह जीतकर भी सदमे में हैं। मैं मतगणना में नहीं आया। मुझे कार्यकर्ताओं पर विश्वास था। जब हम हारकर भी मतगणना स्थल पर पहुंचे तो हमारा स्वागत जीत जैसा हुआ। इस मौके पर श्री बना ने कहा कि चांचौड़ा और गुना विधायक को जीत की बधाई देते हुए कहा कि चांचौड़ा में भी बहन प्रियंका मीना ने इतिहास कायम कर दिया और कईयों का अंहकार चूर कर दिया।

राहुल, खडगे सहित कई नेता रहे मौजूद

दिल्ली में हुआ कांग्रेस की हार के कारणों पर हुआ मंथन

भोपाल, देशबन्धु। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव में मिली हार के कारणों को जानने के लिए शुक्रवार को दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक हार के कारणों पर मंथन तो किया गया, लेकिन किसी को हार का जिम्मेदार नहीं ठहराया गया, न ही किसी से इस्तीफा मांगा गया, बल्कि प्रदेश कांग्रेस के संगठन को मजबूत करने पर बल दिया गया। जबकि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को प्रदेश में लोकसभा चुनाव लड़ाने की जिम्मेदारी भी सौंप दी गई। कमलनाथ ने आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी का खाका पेश किया। प्रदेश के नेताओं ने आलाकमान को बताया कि लोकसभा चुनाव की रणनीति के बारे में बताया।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 230 सदस्यीय सदन में 163 सीट जीतकर अपनी सत्ता बरकरार रखी है। कांग्रेस सिर्फ 66 सीट ही जीत सकी। इसी हार को लेकर कांग्रेस आलाकमान ने मध्यप्रदेश इकाई के साथ मंथन किया। बैठक में नतीजों को स्वीकार करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने मध्यप्रदेश के चुनावी नतीजों का गहराई से विश्लेषण किया। कांग्रेस से मध्य प्रदेश का मन जीतने में कहां कमियां रहीं, इस पर आत्ममंथन और विश्लेषण किया गया और चर्चा हुई। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और गांधी ने भविष्य को लेकर कुछ सुझाव भी दिए।

श्री सुरजेवाला ने कहा कि जनता ने यदि कांग्रेस को प्रदेश में विपक्ष की भूमिका अदा करने का आदेश दिया है। कांग्रेस एक सजग पहरेदार की तरह उसे स्वीकार करेगी ओर एक पहरेदार की तरह प्रदेश की जनता की रक्षा करेगी। भाजपा द्वारा चुनाव में उनसे किए गए वायदों को लागू कराने के प्रयास करेगी। श्री सुरजेवाला ने कहा कि मध्यप्रदेश में यदि किसी के साथ कोई भी अन्याय हुआ तो कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता जनता के साथ खड़े रहेंगे।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की मौजूदगी में आयोजित इस बैठक में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और दिग्विजय सिंह, पार्टी महासचिव तथा प्रदेश प्रभारी रणदीप सुरजेवाला, पूर्व नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह, पूर्व केन्द्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया, कांग्रेस नेता कमलेश्वर पटेल, ओमकार सिंह पटेल सहित कई नेता मौजूद थे।

प्रदेश संगठन में होगा बदलाव : बैठक के बाद यह संकेत मिले हैं कि प्रदेश संगठन में बदलाव होगा, क्योंकि बैठक में इस संबंध मे राष्ट्रीय अध्यक्ष खडगे को अधिकृत किया गया है। साथ में यह भी तय किया गया है कि खुद कमलनाथ से प्रदेश संगठन का नया खाका प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। सुरजेवाला ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि बैठक में श्री खरगे को अधिकृत किया गया है कि अगली संगठन और विधायक दल की कार्यवाही के लिए वो अपना मार्गदर्शन मार्गदर्शन दें कि संगठन की रचना किस प्रकार हो, संगठन को आगे बढ़ाया जाए।

पार्टी विधायक दल की शीघ्र होगी बैठक : बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि जल्द ही पार्टी की विधायक दल की बैठक बुलाई जाएंगी, जिसमें नेता प्रतिपक्ष का नाम तय किया जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष से नेताओं ने यह अनुरोध भी किया है कि विधायक दल की बैठक के लिए जल्द पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाएं, ताकि विधायकों की राय लेकर विपक्ष का अगला नेता तय हो सके।

मुख्यमंत्री से निः शक्तजन आयुक्त ने भेंट की

राष्ट्रपति से प्राप्त राष्ट्रीय अवार्ड की दी जानकारी

भोपाल, देशबन्धु। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से आज मुख्यमंत्री निवास में निश्शक्तजन आयुक्त श्री संदीप रजक ने भेंटकर हाल ही में राष्ट्पति से प्राप्त राष्ट्रीय अवार्ड की जानकारी दी। श्री रजक ने बताया कि मध्यप्रदेश को दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन, दिव्यांगजन के शिक्षण, पुनर्वास, रोजगार, स्वरोजगार, खेल और बाधा रहित वातावरण के निर्माण के क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया है। इसके साथ ही मध्यप्रदेश यूडीआईडी कार्ड बनाने में भी अग्रणी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निश्शक्तजन आयुक्त एवं उनके विभागीय अमले को इस अवार्ड के लिए बधाई दी।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, भारत सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस, 3 दिसम्बर को नई दिल्ली में मध्यप्रदेश के निश्शक्तजन आयुक्त को दिव्यांग कल्याण क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य के लिए पुरस्कृत किया। राष्टपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने ये पुरस्कार प्रदान किए। मध्यप्रदेश को सुगम्य भारत अभियान के क्रियान्वयन के लिए भी सम्मानित किया गया। मध्यप्रदेश में जिलास्तर पर चलित न्यायालय और विशेष बैठकों के साथ ही दिव्यांगजन की समस्याओं के निराकरण के लिए जनजागरूकता कार्यक्रम और शिविर लगाने की गतिविधियां भी संचालित हुईं। जिसके फलस्वरूप कल्याणकारी योजनाओं से दिव्यांगजन को जोड़ने में सफलता मिली।

राजभवन में हुई विकसित भारत अभियान की समीक्षा

प्रधानमंत्री 11 दिसम्बर को वर्च्यु अली करेंगे शुभारम्भ

भोपाल, देशबन्धु। विकसित भारत अभियान 2047 के शुभारम्भ कार्यक्रम की तैयारियों की आधिकारिक स्तर पर समीक्षा बैठक आज राजभवन में सम्पन्न हुई। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 11 दिसम्बर को वर्च्युअली कार्यक्रम का शुभारम्भ करेंगे। भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय विश्वविद्यालयों के छात्र, संकाय सदस्य उपस्थित होंगे। प्रदेश के अन्य विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों के प्राध्यापक तथा छात्र कार्यक्रम में वर्च्युअली जुड़ेंगे। कार्यक्रम के शुभारम्भ के बाद राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में विशेषज्ञों के पेनल डिस्कशन और राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल के संबोधन के कार्यक्रम होंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन बरकतउल्ला विश्वविद्यालय द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी राजभवन में आयोजित बैठक में आज दी गई।

बैठक में राज्यपाल के प्रमुख सचिव डी.पी. आहूजा ने विकसित भारत 2047 की संकल्पना और 11 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक की जाने वाली गतिविधियों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आभासी माध्यम से शुभारम्भ कार्यक्रम के उपरांत पेनल डिस्कशन के कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम में इनोवेशन, साइन्स एण्ड टेक्नॉलोजी और थ्राइविंग एण्ड सस्टेनेबल इकोनॉमी विषयों पर विशेषज्ञों के पेनल डिस्कशन किये जायेंगे। वर्ष 2047 में विकसित भारत अभियान की संकल्पना पर छात्र-छात्राओं के मध्य चर्चा का आयोजन किया जाएगा। बैठक में अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा श्री के.सी. गुप्ता, राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री डी.पी. आहूजा, भोपाल स्थित केन्द्रीय, शासकीय और निजी विश्वविद्यालयों के कुलपति और चिकित्सा एवं तकनीकी शिक्षा के अखिल भारतीय संस्थानों के निदेशक, फिजिकली उपस्थित थे। प्रदेश के अन्य विश्वविद्यालयों, शिक्षण संस्थाओं के प्रतिनिधि वर्च्यूली बैठक में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री से मिले शुक्ल सहित कई नव निर्वाचित विधायक

भोपाल, देशबन्धु। मुख्यमंत्रीशिवराज सिंह चौहान से आज समत्व भवन, मुख्यमंत्री निवास में जनसंपर्क मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने भेंट की। मुख्यमंत्री श्री चौहान एवं मंत्री श्री शुक्ल ने परस्पर बधाईयों का आदान-प्रदान किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई दी और सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की।

पटेल और भार्गव सहित 2 दर्जन विधायक पहुंचे विधानसभा, पूरी की औपचारिकताएं

शनिवार और रविवार को भी खुलेगा विधानसभा का स्वागत कक्ष

भोपाल, देशबन्धु। पूर्व केन्द्रीय मंत्री और नवनिर्वाचित विधायक प्रहलाद पटेल और रहली से 9वीं बार चुनकर विधानसभा पहुंचे गोपाल भार्गव सहित शुक्रवार को 2 दर्जन विधायक विधानसभा पहुंचे और औपचारिकताएं पूरी की।

नवनिर्वाचित विधायक श्री पटेल और भार्गव ने विधानसभा पहुंचकर प्रमुख सचिव से सौजन्य भेंट कर चर्चा की। इसके बाद प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। श्री पटेल के साथ पूर्व मंत्री जालम सिंह पटेल भी थे। उसके बाद विधायक ने स्वागत कक्ष में जाकर अपना निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया, डिजिटल हस्ताक्षर किए, मेडिकल परीक्षण करवाया,परिचय पत्र के लिए छायाचित्र खिंचवाया तथा प्रमुख सचिव ने उन्हें साहित्य भेंट किया।

इसी तरह आज अन्य सदस्यों में नागेंद्र सिंह, इंदरसिंह परमार, अनिल जैन,कटंगी विधायक गौरव पारधी,बरगी विधायक नीरज सिंह लोधी आदि सदस्यों ने भी प्रमुख सचिव से सौजन्य भेंट कर विधायी जानकारी प्राप्त की तथा पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण की। विधानसभा आए सदस्यों में हरि सिंह सप्रे, फुंदेलाल मार्को, करण सिंह वर्मा, लखन पटेल, वीरेंद्र सिंह लोधी,डॉ प्रभुराम चौधरी, उमंग सिंगार, गौरव सिंह पारधी, गोपाल सिंह आपटा, राजेंद्र मेश्राम, रामनिवास शाह, महेंद्र हार्डिया, सतीश सिकरवार, नीरज सिंह ठाकुर लोधी, नरेन्द्र प्रजापति, आतिफ अकील, श्याम बरड़े, मोहनसिंह राठौर, अनिल काजूहेड़ा विधानसभा पहुंचे।

प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि नवनिर्वाचित विधानसभा सदस्यों की सुविधा के लिए अवकाश के दिनों मे भी शनिवार 9 दिसंबर और रविवार 10 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से स्वागत कक्ष खोला जाएगा।

पल्स पोलियो अभियान का अतिरिक्त चरण 10 से 12 दिसम्बर

भोपाल, देशबन्धु। प्रदेश के 16 जिलों में 10 से 12 दिसम्बर, 2023 को पल्स पोलियो अभियान का अतिरिक्त चरण किया जाएगा। अभियान में जीरो से 5 वर्ष आयु के लगभग 37 लाख 50 हजार बच्चों को पल्स पोलियो वैक्सीन की खुराक दी जायेगी। अभियान की सभी आवश्यक तैयारियों को सुनिश्चित करने संबंधित सीएमएचओ, सिविल सर्जन और जिला टीकाकरण अधिकारियों को एमडी एनएचएम श्रीमती प्रियंका दास ने निर्देश दिए हैं।

डायरेक्टर एनएचएम (टीकाकरण) डॉ. संतोष शुक्ला ने बताया कि महिला-बाल विकास, स्कूल शिक्षा, नगरीय प्रशासन, वन, पंचायत, आदिम जाति कल्याण, आयुष, खेल एवं युवा कल्याण विभाग और डब्ल्यू.एच.ओ., यूनिसेफ, यूएनडीपी तथा अन्य स्वैच्छिक संस्थाओं के सहयोग से अभियान संचालित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पड़ोसी देश पाकिस्तान और अफगानिस्तान में पोलियो के केस मिलने के कारण और साथ ही पोलियो-फ्री स्टेटस को मेंटेन रखने के लिये पल्स पोलियो अभियान का अतिरिक्त चरण किया जा रहा है। प्रदेश के भिण्ड, भोपाल, छिंदवाड़ा, दतिया, ग्वालियर, इंदौर, कटनी, खरगौन, मंदसौर, नरसिंहपुर, नीमच, निवाड़ी, सतना, श्योपुर, टीकमगढ़ और विदिशा जिलों में अभियान संचालित होगा। इन जिलों में पोलियो दवाई पिलाने के लिये स्थानीय बूथ के साथ-साथ माइग्रेटरी पापुलेशन को कवर करने के लिये मोबाइल टीम भी गठित की जायेगी।

प्रथम पृष्ठ का शेष

महुआ की लोकसभा सदस्यता.... आग्रह किया कि मोइत्रा को सदन में उनका पक्ष रखने का मौका मिले, लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पहले की संसदीय परिपाटी का हवाला देते हुए इससे इनकार कर दिया। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने वकील जय अनंत देहाद्राई के माध्यम से मोइत्रा के खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को शिकायत भेजी थी, जिसमें उन पर अडाणी समूह और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निशाना बनाने के लिए कारोबारी दर्शन हीरानंदानी के कहने पर सदन में सवाल पूछने के बदले रिश्वत लेने का आरोप लगाया गया है।

कंगारू अदालत ने बिना सबूत.... जाने के कुछ मिनट बाद उन्होंने कहा कि उन्हें उस आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया है, जो अस्तित्व में ही नहीं है और उन्हें नकदी या उपहार दिए जाने का कोई सबूत नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मामले में दो शिकायतकर्ताओं में से एक उनका पूर्व प्रेमी है जो गलत इरादे से आचार समिति के सामने आम नागरिक के रूप में पेश हुआ।

2 उपमुख्यमंत्री भी.... कौन उपमुख्यमंत्री बनेगा यह इस बात पर भी निर्भर करेगा कि मुख्यमंत्री कौन होगा। क्योंकि मुख्यमंत्री पद के वरिष्ठ दावेदार जिन्हें मुख्यमंत्री नहीं बनाया जाएगा। उनमें से भी तोमर को छोड़कर किसी एक को उपमुख्यमंत्री बनाया जा सकता है।

लालदुहोमा ने ली मिजोरम के.... पर बड़ी कार्रवाई की। पुलिस अधिकारी के तौर पर उनकी उपलब्धियां सामाचार पत्रों की सुर्खियां बनने लगी थीं। 1982 में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उन्हें अपना सुरक्षा प्रभारी नियुक्त किया था। पुलिस उपायुक्त के रूप में विशेष पदोन्नति दी गई थी। राजीव गांधी की अध्यक्षता में 1982 एशियाई खेलों की आयोजन समिति के सचिव भी थे।

जेडपीएम ने सात नवम्बर को हुए राज्य विधानसभा चुनाव में 40 में से 27 सीटों पर जीत हासिल की। मंगलवार को जेडपीएम विधायक दल ने लालदुहोमा को अपना नेता और के.सपडांगा को उपनेता चुना था। जेडपीएम मीडिया प्रकोष्ठ के महासचिव एड्डी जोसांगलियाना ने कहा कि पार्टी के सलाहकार निकाय वैल उपा काउंसिल ने मंत्रिपरिषद के गठन का फैसला करने के लिए बुधवार को लालदुहोमा से मुलाकात की। जेडपीएम को 2019 में एक राजनीतिक दल के रूप में पंजीकृत किया गया था। जेडपीएम ने निवर्तमान मुख्यमंत्री जोरमथांगा के नेतृत्व वाले मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) को सत्ता से हटा दिया। राज्य में 2018 के चुनावों में 26 सीट जीतने वाली एमएनएफ को केवल 10 सीट पर जीत हासिल हुई।

हिमाचल में मंत्रिमंडल विस्तार.... के सबसे बड़े कांगड़ा जिला को मंत्रीपद अवश्य मिलेगा। उसके बाद हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के तहत आने वाले बिलासपुर जिला को मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व नहीं मिला है। इसके अतिरिक्त तीसरी मंत्री पद हमीरपुर या फिर कांगड़ा के हाथ आ सकता है। इस समय प्रदेश सरकार में मुख्यमंत्री सुक्खू सहित नौ सदस्यीय मंत्रिमंडल है। नए संभावित मंत्रियों के चेहरों को लेकर सुधीर शर्मा, यादवेंद्र गोमा, राजेश धर्माणी, राजेंद्र राणा का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है। तेलंगाना में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए गए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के शनिवार को लौटने की संभावना है। मुख्यमंत्री दो दिन पहले प्रदेश से बाहर गए हैं।

प्रदेश में निवेशकों के लिए अपार संभावनाएं विद्यमान

उत्तराखंड की तकदीर बदल देगा निवेश



देहरादून, देशबन्धु। प्रदेश राजधानी के एफआरआई में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा की उत्तराखंड में निवेशकों के लिए अपार संभावनाएं विद्यमान हैं। जो उत्तराखंड की तकदीर बदलकर रख देगा। पर्यटन से लेकर कई अन्य दूसरे क्षेत्र ऐसे हैं, जिनमें निवेश समृद्धि लेकर आएगा। इसमें कल्चर, नेचर, एडवेंचर स्पोर्ट्स और योग आदि क्षेत्र शामिल हैं। मोदी ने कहा कि देश भर के उद्योगपतियों को यह समझना होगा की अपने देश में निवेश से भारत के लोगों का जीवन स्तर बेहतर होगा और चहुंओर समृद्धि होगी, हमें परिस्थितियों को अवसरों में बदलना पड़ेगा तभी हम सफलता के नित नए कीर्तिमान स्थापित करते जाएंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में बेहद खूबसूरत दर्शनीय स्थल हैं, जो दुनिया के किसी भी देश के पर्यटक स्थलों से कमतर नहीं हैं। ऐसे में उत्तराखंड डेस्टिनेशन वेडिंग का एक हब बन सकता है। शादियों पर बेशुमार धन खर्च करने वालों को सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि अगर वह परिवार की कम से कम एक शादी उत्तराखंड में करेंगे तो राज्य डेस्टिनेशन वेडिंग का केंद्र बन जाएगा। विदेश में शादियों के स्थान पर देश में विवाह को प्राथमिकता दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विगत 10 वर्षों में आकांक्षी भारत का निर्माण हुआ है। बड़ी आबादी नए अवसरों से स्वयं को निरंतर जोड़ रही है और देश की प्रगति में योगदान दे रही है। विगत 5 वर्षों में 13.5 करोड लोग गरीबी से बाहर आए हैं और उन्होंने अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के मध्य वर्ग को अपनी क्षमताओं का आकलन करना होगा और उस पर विशऔर उस पर विश्वास जताना होगा तभी एक नया और शक्तिशाली भारत विश्व के पटल पर उभरेगा। उत्तराखंड के स्थानीय उत्पादों को विदेशी बाजारों में स्थापित करने से राज्य व यहां के निवासियों को आर्थिक रूप में काफी मदद मिलेगी। उत्तराखंड के कई उत्पाद ऐसे हैं जिनमें लोकल से ग्लोबल बनने की अपार संभावनाएं हैं। राज्य सरकार इस दिशा में सतत प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि इसके लिए केंद्र हर संभव मदद प्रदान करेगा ताकि उत्तराखंड उन्नति के नए सोपान स्थापित कर सके।

लोन नहीं होंगे महंगे, ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी

- आरबीआई ने 6.5 प्रतिशत पर रेपो रेट बरकरार रखी
- ब्याज दरों में लगातार 5वीं बार बदलाव नहीं

मुंबई, एजेंसी। भरतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने लगातार 5वीं बार ब्याज दरों बदलाव नहीं किया है। आरबीआई ने ब्याज दरों को 6.5 प्रतिशत पर जस का तस रखा है। यानी लोन महंगे नहीं होंगे और आपकी ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी। आरबीआई ने आखिरी बार फरवरी 2023 में दरें 0.25 प्रतिाशत बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत की थी। वहीं पिछले वित्त वर्ष में रेपो रेट 6 बार में 2.50 प्रतिशत बढ़ाई गई थी।

6 दिसम्बर से चल रही मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग में लिए गए फैसलों की जानकारी आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को दी। यह मीटिंग हर दो महीने में होती है। इस वित्त वर्ष की पहली मीटिंग अप्रैल में हुई थी। आरबीआई की एमपीसी में छह सदस्य होते हैं। इसमें बाहरी और आरबीआई अधिकारी दोनों होते हैं। गवर्नर दास के साथ, आरबीआई के अधिकारी राजीव रंजन, कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्यरत हैं, और माइकल देबब्रत पात्रा, डिप्टी गवर्नर के रूप में कार्यरत हैं। जबकि शशांक भिड़े, आशिमा गोयल और जयंत आर वर्मा बाहरी सदस्य हैं।

मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी ने तीन और फैसले लिए

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की कमेटी ने लगातार 5वीं बार ब्याज दरों बदलाव नहीं किया है। आरबीआई ने ब्याज दरों को 6.5 प्रतिशत पर जस का तस रखा है। आरबीआई ने भारत में फाइनेंशियल सेक्टर के लिए डेटा सिक्योरिटी और प्राइवेसी बढ़ाने के लिए क्लाउड फैसिलिटी स्थापित करने पर काम कर रहा है।आरबीआई ने लोन प्रोडक्ट के वेब एग्रीगेशन के लिए एक रेगुलेटरी फ्रेमवर्क तैयार करने और एक फिनटेक डिपॉजिटरी स्थापित करने का निर्णय लिया है। इससे डिजिटल लोन देने में अधिक पारदर्शिता आएगी।

अब यूपीआई से पांच लाख तक कर सकेंगे भुगतान

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को एक बड़ा फैसला लेते हुए अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों के लिए यूपीआई भुगतान सीमा को मौजूदा एक लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपए करने की घोषणा की। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने दिसम्बर की द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) लेनदेन की विभिन्न श्रेणियों की सीमा की समय-समय पर समीक्षा की गई है। उन्होंने कहा कि अब अस्पतालों और शिक्षण संस्थानों को भुगतान के लिए यूपीआई लेनदेन की सीमा को एक लाख रुपए से बढ़ाकर पांच लाख रुपए प्रति लेनदेन करने का प्रस्ताव किया गया है। बढ़ी हुई सीमा से उपभोक्ताओं को शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल उद्देश्यों के लिए उच्च राशि का यूपीआई भुगतान करने में मदद करेगी। उन्होंने आगे कहा कि आवर्ती प्रकृति के भुगतान करने के लिए ई-मैंडेट ग्राहकों के बीच लोकप्रिय हो गए हैं। ई-मैंडेट फ्रेमवर्क के तहत 15,000 रुपए से अधिक के आवर्ती लेनदेन के लिए ऑथेंटिकेशन (एएफए) का एक अतिरिक्त फैक्टर जरूरी है। गवर्नर ने कहा कि म्यूचुअल फंड सब्सक्रिप्शन, इंश्योरेंस प्रीमियम सब्सक्रिप्शन और क्रेडिट कार्ड रीपेमेंट के आवर्ती भुगतान के लिए अब इस सीमा को बढ़ाकर एक लाख रुपए प्रति लेनदेन करने का प्रस्ताव है। उन्होंने कहा कि इस कदम से ई-मैंडेट के उपयोग में और तेजी आएगी।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादकः **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादकः **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।